रविवार, 26 जनवरी 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

76 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और सात पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : पानी समन्दर में हो या आंखों में गहराई और राज दोनों में होते हैं।

OmDayal Group

DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR CBSE +2







LAYING THE FOUNDATION FOR A BRILLIANT FUTURE

Attractive Scholarship for Class XI & XII

Ac Hostel Building







In-campus Fully Air conditioned Hostel Facility (V-XII) separate for Boys and Girls. Fresh, nutritious and wholesome meals for hostellers.

ACHIEVERS OF JEE MAIN 2024

MRIDUNJA RAMAN AIR - 694 JEE Advanced (AIR-524)
ANNWAY SAMAL AIR - 2518 JEE Advanced (AIR-722)

ACHIEVERS OF NEET 2024

SNEHA DEY Marks Scored - 710 AIR - 237
RAJDEEP MAHANTI Marks Scored - 701 AIR - 1490

CLASS X BOARD RESULTS 2024

SOHANA ROY BARMAN 99%
ANGSHUMAN MANDAL 98%
PRAGYA BHATTACHARYA 97.8%

CLASS XII BOARD RESULTS 2024

ANNWAY SAMAL 98.4%
MIHIKA BAJORIA 97.2%
SNEHA DEY 97%

| Board Results 2024 | | | | Competitive Exam Results 2024 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Class X | >80% | Class XII | >80% | JEE Main | JEE Adv. | NEET |
| 178 | 124 | 162 | 75 | 8 (Top Rank 694) | 2 (Top Rank 524) | 9 (Top Rank 237) |






## Why choose DPS Durgapur?

- **Follows CBSE - the most acclaimed and NEP-recommended curriculum.** Special emphasis on Competency based questions. Highly qualified and trained faculty.
- **Streams Offered in CBSE +2** : Science | Commerce | Humanities.
- Special classes for **competitive exams preparation** like JEE, NEET, CUET etc.
- **Interactive Smart TVs in classrooms**. Advanced Science and Computer Labs. Student portal with a wide repository of question papers and study materials.
- **International-standard Football Ground** equipped with flood lights (for hostel students to play in the evening). A professional-grade Swimming Pool (expected to be operational soon).
- Various **co-curricular activities** like Painting, Dance & Music etc.
- **Extensive Bus Service** spanning from Panagarh to Raniganj & Mejia with speed governors, GPS, CCTV surveillance and attendants.

ADMISSIONS OPEN

FOR ACADEMIC SESSION 2025-26

NURSERY TO CLASS 12

SIBLING DISCOUNTS* AVAILABLE

90077 95297, 96815 00600

For online admissions visit www.dpsdurgapur.com, admission@dpsdurgapur.com

An educational landmark of **OmDayal Educational & Research Society** in collaboration with Delhi Public School Society, Delhi


## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 जनवरी, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष द्वादशी, 20:50 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 08:17 तक, योग : व्याघात, 27:27 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:20 चन्द्रोदय : 03:28, चन्द्रास्त: 14:07, शक सम्वत: 1945 सुभाकृत्, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 15:55 से 17:16

## साप्ताहिक : राशिफल 26-01-25 से 01-02-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** रवि एवं सोमवार को भाग्य का साथ बना रहेगा। आपकी आय अच्छी बनी रहेगी और दूसरों का सहयोग मिलेगा जिससे आपको भरपूर ख़ुशी मिल सकती है। मंगल एवं बुधवार को कार्य की अधिकता बनी रहेगी। पिता से सहयोग प्राप्त होगा। आपके लिए यात्रा का योग भी बन सकता है। अटके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। गुरु एवं शुक्रवार को समय सबसे अच्छा रहेगा। संतान से सुख प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों के लिए भी यह समय अनुकूल हो सकता है। शनिवार को संभलकर रहने का समय है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** रवि एवं सोमवार का दिन आपके लिए तनाव भरा हो सकता है। आपकी चिंता बढ़ेगी और कार्य अच्छे नहीं होंगे। मंगल एवं बुधवार को आपकी सभी शिकायतें दूर हो सकती हैं। आपकी आय बढ़ेगी एवं कार्य में तेजी आएगी। आपको भाग्य का पूरा साथ मिल सकता है। गुरु एवं शुक्रवार को भी समय अनुकूल बना रहेगा। संतान से सुख प्राप्त होगा एवं हर कार्य में सफलता मिलेगी। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। धन का आगमन बना रहेगा। विवादित मामलो में विजय मिलेगी। शनिवार के दिन आपको खुशी का समाचार प्राप्त होगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** रवि एवं सोमवार का दिन आपके लिए शुभ हो सकता है। कार्य के प्रति लगन रहेगी एवं भ्रमण पर जाने का मौका मिलेगा। मंगल एवं बुधवार को तनाव बढ़ सकता है। व्यय की अधिकता होगी एवं ऋण संबंधी समस्याएं आ सकती हैं। परिवार के लोगों के बीच वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। गुरु एवं शुक्रवार को राहत भरा समय रह सकता है। आशावादी बने रहेंगे एवं सहयोग की प्राप्ति होगी। आपके धन आगमन में वृद्धि हो सकती है। भाग्य का साथ मिलेगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** रवि एवं सोमवार को विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। मन विचलित रहेगा और मंगल एवं बुधवार आपके लिए बेहतर दिन होंगे। आय की प्राप्ति एवं सहयोग भी प्राप्त हो सकता है। योजनाएं सफल होंगी एवं नए कार्यो की प्राप्ति हो सकती है। गुरु एवं शुक्रवार को धन का नुकसान हो सकता है। कोई भी कार्य संभलकर करें। दूसरों से आपको धोखा मिल सकता है। अनावश्यक व्यय होंगे एवं घरेलू उपकरण खराब हो सकते है। शनिवार को स्थितियां अनुकूल आपके अनुकूल रहेंगी।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** रवि एवं सोमवार को संतान से खुशी मिलेगी। आशा-जनक समाचार मिल सकता है। किसी खास जगह से धन की प्राप्ति संभव है। मंगल एवं बुधवार को तनाव बढ़ सकता है। विरोधी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। कोई गुप्त बात बाहर आ सकती है। पिता से अनबन होने की संभावनाएं हैं। वाहन आदि से परेशानी हो सकती है। गुरु एवं शुक्रवार आपके लिए अनुकूल दिन रहेंगे। कार्य की अधिकता होगी एवं आपकी आय में सुधार हो सकता है। नए लाभकारी संपर्क बनेंगे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** रवि एवं सोमवार को मन उदास रह सकता है। आने वाले समय की चिंता से तनाव बना रहेगा। मंगल एवं बुधवार को स्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। स्वयं के प्रयास से सफलता मिल सकती है। राजनीतिज्ञों को पद लाभ हो सकता है। संतान आपके अनुकूल रहेगी एवं दूसरों से सहयोग प्राप्त होगा। गुरु एवं शुक्रवार को विरोधियों से सामना हो सकता है। आपके ऊपर बेवजह आरोप लग सकते हैं। आपके जीवन में तनाव आ सकता है एवं व्यर्थ के कार्यो में समय व्यय हो सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** रवि एवं सोमवार को समय आपके लिए सभी प्रकार से अनुकूल हो सकता है। आपका समय भ्रमण और मनोरंजन में बीतेगा। मंगल एवं बुधवार को सहयोग की प्राप्ति होगी। कार्य में सफलता एवं स्थाई संपत्तियों से लाभ प्राप्त होगा। अज्ञात भय और चिंता भी बनी रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। गुरु एवं शुक्रवार को भाई-बंधु अनुकूल रहेंगे। जीवन व्यवस्थित बना रहेगा। शनिवार को कार्यस्थान पर अव्यवस्था फैल सकती है। कार्यस्थल पर तनाव का माहौल हो सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** रवि एवं सोमवार को स्थाई धन की वृद्धि एंव संपत्तियों से लाभ होगा। मंगल एवं बुधवार को पराक्रम श्रेष्ठ बना रहेगा। भाइयों से सहयोग की प्राप्ति होगी। समकक्षों से प्रतियोगिताओं में आगे रहेंगे। कार्य व्यवस्थित तरीके से होते रहेंगे। गुरु एवं शुक्रवार को आय कम एवं व्यय ज्यादा हो सकता है। तनाव भी ज्यादा रहेगा। काम से मन उचाट होगा। वैधानिक मामलों में उलझनें के मौके आ सकते हैं। निकट के लोगों से भी सावधान रहने की जरूरी है। शनिवार के दिन परिवार के सहयोग से खुशी मिलेगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। बुध के प्रभाव के कारण व्यवसायिक गतिविधियो में थोड़ी सक्रियता आ सकती है। छात्रों के लिए समय थोड़ा अनुकूल रहेगा यद्यपि परीक्षा आदि की चुनौतियाँ बनी रह सकती है। जातक अपनी बात-चीत की कला से कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। गुरू के शुक्र के घर में जाने के कारण जातक अपने रहन-सहन पर अधिक खर्च कर सकता है इसलिए सावधानी बनाये रखे। घर-परिवार की जिम्मेदारियाँ थोड़ी बढ़ सकती है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह लगभग अनुकूल है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** रविवार एवं सोमवार को चिंता अधिक रह सकती है। आपको धन की कमी हो सकती है एवं ऋण के मामलों में परेशानी हो सकती है। मंगल एवं बुधवार समस्याओं का अंत हो सकता है। आपको कार्य में सफलता प्राप्त होगी एवं आय में सुधार रहेगा। मन प्रसन्न बना रहेगा। जमीन संबंधी विवाद सुलझाने में सफल होंगे। गुरु एवं शुक्रवार को लाभ की स्थितियां बनेंगी। नए मित्र बना सकते हैं। कार्य की अधिकता होगी एवं संतान से सुख की प्राप्ति होगी। अज्ञात भय भी बना रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** रवि एवं सोमवार का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको कार्य में सफलता मिल सकती है एवं धन की प्राप्ति का योग बनेगा। मंगल एवं बुधवार को तनाव हो सकता है। व्यय की अधिकता होगी एवं विवाद भी हो सकता है। अनावश्यक खर्चो से परेशान हो सकते हैं। दूसरों से मदद की अपेक्षा बेकार जाएगी। गुरु एवं शुक्रवार को समस्याओं का निदान प्राप्त होगा। धन की व्यवस्थाएं होंगी एवं विवादित मामलें आपके पक्ष में आ जाएंगे। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। आपके कार्यों में सफलता की प्राप्ति होगी।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** कार्य की अधिकता बनी रहेगी। वर्क प्लेस पर पूरी मेहनत करने के बावजूद भी वरिष्ठ लोग आपसे नाराज रह सकते हैं। पिता का सहयोग मिलेगा। मंगल एवं बुधवार को आपकी आय में वृद्धि होगी। संतान से सुख प्राप्त होगा। धार्मिक यात्रा होने का योग हैं। समस्याओं का निदान मिलेगा। बाधित कार्यों में तेजी आएगी। गुरु एवं शुक्रवार को अनावश्यक व्यय हो सकते हैं। आपके कार्यों में विघ्न आएंगे एवं विरोधी मुखर रहेंगे। आपकी आय की कमी होंगी एवं चिंताएं अधिक होंगी। शनिवार से समय अनुकूल हो जाएगा।

# यदि सनातन धर्म मजबूत होगा, तो भारत मजबूत होगा : योगी आदित्यनाथ

**महाकुंभनगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोगों से एकता का संदेश आगे लेकर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि सनातन धर्म मजबूत है तो ही यह देश मजबूत होगा। उन्होंने विपक्षी दलों पर अपने राजनीतिक हितों के लिए जाति एवं धर्म के आधार पर इस देश को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा करना राजद्रोह से कम नहीं है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में एक निजी टेलीविजन समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कुछ हलकों की तरफ से इस प्रदेश को चार भागों में बांटने की मांग खारिज करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की ताकत इसकी एकता में है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का संदेश, एकता और अखंडता का संदेश है और यह संदेश दुनिया को जाना चाहिए।

## गुरु गोरक्षनाथ अखाड़ा में योगी ने की धर्म ध्वजा की पूजा, संतों को प्रसाद ग्रहण कराया



**महाकुंभनगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज दौरे पर महाकुंभ स्थित श्री गुरु गोरक्षनाथ अखाड़ा पहुंचकर धर्म ध्वजा की पूजा की और सभी संतों को प्रसाद ग्रहण कराया तथा स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश भर से आए सिद्ध योगेश्वरों से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। योगी महासभा के विशिष्ट उपाध्यक्ष महंत बालक नाथ योगी ने बताया कि यह अखाड़ा स्वयं मुख्यमंत्री जी का है, यह अखाड़ा नाथ सम्प्रदाय का है, गुरु गोरक्षनाथ जी की परंपरा का है।

## मिल्कीपुर में भी चुनाव में गड़बड़ी करने की रणनीति बना रही भाजपा : अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि पिछले उपचुनावों की तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रशासनिक तंत्र के दुरुपयोग से मिल्कीपुर के उपचुनाव में गड़बड़ी करने की रणनीति बना रही है। पिछले वर्ष नवंबर में उप्र की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सात सीटों पर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की जबकि सपा को सिर्फ दो सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। अखिलेश यादव ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय-लखनऊ में डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले उपचुनावों की तरह भाजपा प्रशासनिक तंत्र के दुरुपयोग से मिल्कीपुर में भी चुनाव में गड़बड़ी करने की रणनीति बना रही है।

### राजस्थान के कई इलाकों में सर्दी का दौर जारी

**जयपुर :** राजस्थान के अनेक इलाकों में सर्दी का दौर जारी है जहां बीते चौबीस घंटे में नागौर में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य में मौसम आम तौर पर शुष्क रहा। शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के चौबीस घंटे में निम्नतम तापमान नागौर में तीन डिग्री, फतेहपुर में 3.3 डिग्री, सीकर में 3.5 डिग्री, चुरू में 4.4 डिग्री, पिलानी में छह डिग्री, अलवर में सात डिग्री, अजमेर में 7.5 डिग्री व गंगानगर में 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में इस दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमश: 24 डिग्री व 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क व सामान्य रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

## अपराधों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है राज्य सरकार और पुलिस: गहलोत



**जयपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कानून व्यवस्था को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि वह अपराधों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। गहलोत ने राजधानी जयपुर में अपराध की दो घटनाओं की खबर साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा,जयपुर को क्यों बनने दिया जा रहा है 'क्राइम कैपिटल' (अपराध की राजधानी)? यह आज के अखबार में हैं जिसमें जयपुर में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट हो रही है। राजस्थान में लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं पर ऐसा लगता है कि राज्य सरकार का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि जयपुर में हत्या, बलात्कार व लूट की घटनाएं होना आम बात हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रदेश की राजधानी की ऐसी स्थिति है तो बाकी जिलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और पुलिस अपराधों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। गहलोत के अनुसार,जयपुर की जनता जानना चाहती है कि आखिर कब शहर में ऐसा वातावरण बन सकेगा जिससे आमजन में भय की स्थिति न रहे। एक अन्य पोस्ट में गहलोत ने 'राष्ट्रीय पर्यटन दिवस' पर उनके नेतृत्व वाली पूर्व सरकार द्वारा पर्यटन के विकास के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र किया।

## संभल हिंसा में हत्या का आरोपी गिरफ्तार, साटा गिरोह ने उपलब्ध कराये थे हथियार



**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पिछले वर्ष नवंबर में हुई हिंसा के दौरान दो लोगों की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। संभल के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने बताया कि शनिवार को एक अभियुक्त वारिस को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान उक्त आरोपी वारिस द्वारा पुलिस दल पर भी गोलीबारी की गई। एएसपी ने कहा कि संभल थाना क्षेत्र में 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में जो हिंसात्मक घटना हुई थी उसमें अभी तक 72 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी वारिस के पास से एक देसी तमंचा 315 बोर, दो कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ बरामद किया गया। चंद्र ने बताया कि विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। एएसपी ने बताया कि वारिस पर दो लोगों मोहम्मद कैफ और नईम की हत्या करने का आरोप है। पूछताछ के हवाले से उन्होंने बताया कि अभियुक्त वारिस कुख्यात सारिक साटा गिरोह का सदस्य है। सारिक साटा गिरोह के सदस्यों के उकसाने पर ही वह हिंसा में शामिल हुआ। उन्होंने दावा किया कि साटा गिरोह द्वारा ही उसे हिंसा में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराए गए। इसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि वारिस को गिरोह के सदस्यों ने मस्जिद की हिफाजत करने की बात कहते हुए बाहर से आए अधिवक्ता को मारने की बात कही थी। संभल में पिछले वर्ष अदालत के आदेश पर शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान तनाव शुरू हुआ और 24 नवंबर को दोबारा सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गयी थी और काफी लोग घायल हो गये।

### बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में अनुचित साधन अपनाने के आरोप में 16 अभ्यर्थी गिरफ्तार

**पटना :** बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में शामिल सोलह अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी) के दौरान कथित रूप से अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। केन्द्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड (सीएसबीसी) उन अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण कर रहा है, जिन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की थी। सीएसबीसी ने एक बयान में कहा, लिखित परीक्षा पास करने वाले 7,771 उम्मीदवारों की पीईटी के दौरान 16 को अनुचित साधनों का उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया क्योंकि उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति शुक्रवार को लिखित परीक्षा से मेल नहीं खाती थी। उन्हें पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया। शारीरिक दक्षता परीक्षण में दौड़, ऊंची कूद और गोला फेंक शामिल हैं।

## मेरठ में पांच लोगों की हत्या का मुख्य संदिग्ध पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**मेरठ (उप्र) :** मेरठ पुलिस ने शनिवार तड़के मुठभेड़ में 50,000 रुपये के इनामी बदमाश जमील हुसैन उर्फ नईम को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार द्वारा जारी बयान के मुताबिक नौ जनवरी, 2025 को लिसाड़ी गेट स्थित अपने घर पर अपने सौतेले भाई मोइन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चों की नृशंस हत्या में जमील हुसैन उर्फ नईम मुख्य संदिग्ध था। पुलिस के मुताबिक इन पांचों के सिर पर चोट के निशान थे। इन हत्याओं के बाद पुलिस ने जमील हुसैन उर्फ नईम और उसके साथी सलमान पर इनाम घोषित किया था। पुलिस महानिदेशक ने एक बयान में कहा, ''जांच में पता चला है कि नईम गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना नाम और स्थान बदल रहा था। इस जघन्य अपराध के पीछे पैसे और संपत्ति को लेकर विवाद था। नईम का दिल्ली और ठाणे में आपराधिक गतिविधियों का इतिहास रहा है।'' बयान के अनुसार पुलिस टीम जमील हुसैन उर्फ नईम और सलमान को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थीं। बयान में कहा गया है, ''शनिवार सुबह पुलिस की एक टीम ने नईम को पकड़ने गयी थी और मुठभेड़ शुरू हो गई। नईम को गोली लगी और उसे पास के अस्पताल में घायलवस्था में ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।'' वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा ने बताया कि लिसाड़ी गेट में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की हत्या कर कर दी गई थी जिसके सिलसिले में नईम की तलाश थी। ताड़ा के अनुसार नईम पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था और काफी समय से पुलिस को उसकी तलाश भी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नईम अन्य प्रदेशों में भी हत्या के मुकदमों में वांछित था।

## उत्तर प्रदेश के बागपत में सात बर्षीय बच्चे की कैंची घोपकर हत्या, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बागपत (उत्तर प्रदेश) :** बागपत जिले के थाना दोघट क्षेत्र में सात वर्षीय बच्चे की कैंची घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चे की पहचान अफजाल के रूप में हुई है जो बृहस्पतिवार सुबह से लापता था। अधिकारियों ने बताया कि उनके पड़ोस में ही रहने वाले आरोपी सावेज (19) की गिरफ्तारी के बाद आदमपुर गांव में जंगल से सटे गन्ने के खेत से अफजाल का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अफजाल को आखिरी बार बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे सावेज के साथ देखा गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जब अफजाल घर नहीं लौटा तो उसकी मां ने उसकी तलाश शुरू की और इसके बाद परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी बच्चू सिंह ने बताया कि परिवार ने सावेज पर उनके बच्चे को अगवा करने का आरोप लगाया जिसके बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने बच्चे की हत्या की बात कबूल कर ली। अधिकारी ने बताया कि शव को गन्ने के खेत से बरामद किया गया और अपराध में इस्तेमाल कैंची भी बरामद कर ली गई।

### महाकुंभ में एनडीआरएफ की टीम ने 10 लोगों को डूबने से बचाया

**महाकुंभनगर :** महाकुंभ मेला क्षेत्र के किला घाट पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवानों की मुस्तैदी की वजह से शनिवार को एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। यमुना नदी के किला घाट के पास 10 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई थी। एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि आज पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे किला घाट के पास 10 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक नाव अचानक अनियंत्रित होकर डूबने लगी और नाव पर सवार लोगों ने चीख पुकार मचानी शुरू कर दी।

### अफवाह फैलाकर भ्रमित करने की राजनीति करती हैं कांग्रेस: राठौड़

**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस दबाव डालकर व अफवाह फैलाकर भ्रमित करने की राजनीति करती है। राठौड़ संविधान गौरव अभियान के तहत पार्टी के प्रदेश कार्यालय में 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भाजपा सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना के साथ काम करती है, जबकि कांग्रेस एक परिवार को खुश करने की नीति पर कार्य करती है। कांग्रेस दबाव डालकर व अफवाह फैलाकर भ्रमित करने की राजनीति कर रही है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा ने सदैव जनमत का सम्मान और लोकतंत्र का आदर किया। उन्होंने कहा, भाजपा ने अखंड भारत और जनहित के लिए संविधान में संशोधन किए और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया।

### बलिया में घरेलू विवाद में महिला ने अपने नौ माह के बच्चे की हत्या की, मामला दर्ज


**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह अपने मायके में रह रही एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते कथित रूप से छत से नीचे फेंक कर अपने ही नौ माह के बच्चे की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बलिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले में अंजू देवी नामक महिला ने अपने नौ माह के बच्चे को दो मंजिला छत से नीचे फेंक दिया।

## हिंदुओं की घटती जन्म दर गंभीर चिंता का विषय : विश्व हिंदू परिषद



**महाकुंभनगर :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने यहां आयोजित विराट संत सम्मेलन में हिंदुओं की घटती जन्म दर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य धर्म की तुलना में हिंदू समाज में जन्म दर निरंतर घट रही है। यह एक ज्वलंत समस्या है जिसे अब टाला नहीं जा सकता। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा ने धर्माचार्यों की मौजूदगी में कहा, आज का युवा जब इस समस्या पर ध्यान देगा तो ही इस समस्या का समाधान होगा। संत समाज को इस बारे में अपनी कथाओं, प्रवचनों के जरिए युवाओं का प्रबोधन करना होगा। उन्होंने कहा कि संत समाज को अपने यहां आने वाले श्रद्धालुओं के बीच यह विषय रखना होगा कि प्रत्येक हिंदू परिवार में तीन या चार बच्चे अवश्य होने चाहिए। सम्मेलन में देश के कोने-कोने से सभी मत, पंथ, संप्रदाय के हजारों धर्माचार्य, मार्गदर्शक उपस्थित रहे। ओडिशा से आए प्रभाकर दास जी महाराज ने हिंदू समाज की एकता पर बल दिया, वहीं वाल्मीकि समाज से योगी उमेश नाथ जी महाराज ने हिंदू समाज से अपनी जनसंख्या बढ़ाने का निवेदन किया। इस कार्यक्रम में महाराज जगद्गुरु रामानुजाचार्य, स्वामी वासुदेवाचार्य जी, महाराज युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी, पूजनीय आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी जी, भास्कर किशन गिरी जी, सगाधिकार जनार्दन देव गोस्वामी जी, भंते रिंगपोचे, जैन साध्वी दीप्ति जी, स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचार रखे। इस आयोजन में नेपाल से आये स्वामी चूड़ामणि चतुर्भुजाचार्य जी, प्रभाकर दास जी, श्रीलंका, कोरिया, बर्मा तथा तिब्बत के बौद्ध, संत, लामा, रविदास जन्मस्थान से श्री महंत डॉ भरत भूषण दास जी, जत्थेदार हरजोत सिंह जी, निहंग भानपुरा शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ जी, विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु जी महाराज, नाथ संप्रदाय से जितेन नाथ जी, संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी, त्रिपुरा से चित महाराज, गहरा- गुरु परंपरा से आचार्य स्वामी बब्रुवाहन जी महाराज ने अपने विचार व्यक्त किये।

## वर्ग पहेली नं. 2987



**बायें से दायें:-** 1) एक संख्या, 4) दास; पराधीन, 7) मना करना, 9) प्रेतसाधक; तंत्रवादी, 10) एक अनाज, 11) आतंक; भय, 13) बातूनी, 14) किसी भी क़ीमत पर, 16) जंगल, 18) मुँदा; आम हड़ताल, 19) पदक, 20) पनीला; संकीर्ण; छरहरा, 22) घड़न; *डिज़ाइन*, 24) गपकना, 27) भागना; खिसकन, 29) आलसी; चिपचिपा.

**ऊपर से नीचे:-** 1) ख़िदमतगारनी; *नर्स*, 2) कुश्तीबाज़, 3) अभिनेता, 4) अपराध, 5) मतभिन्नता, 6) व्यर्थ की बातें, 8) केला, 12) माक्षिक; मकरंद; *हनी*, 15) उड़न छू; रफूचक्कर, 17) झुकना; हारना, 18) एक भाषा, 19) तीर, 20) नाला, 21) पालन-पोषण; लाड़, 22) सेवाच्युत, 23) उगाही; प्राप्ति, 25) ज्वाला, 26) एक ऊँचा वृक्ष, 28) ऐसा हो तो; अगर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2947

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 9 | | |
| 1 | 8 | | | | | | | |
| 6 | | 5 | | | | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | |
| | | | | | | | 4 | 8 |
| | | | 1 | | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | | | | 6 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

### सूडोकू पहेली - 2946 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 |

रविवार, 26 जनवरी 2025
ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।
www.samagya.in
# समाज्ञा
76 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और सात पर
कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये
सुविचार : पानी समन्दर में हो या आंखों में गहराई और राज दोनों में होते हैं।

## सूचना

समाज्ञा के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिन्तकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर समाज्ञा कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक दिनांक 28 जनवरी 2025 को प्रकाशित होगा। -संपादक

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

दिल्ली के 27 साल बर्बाद, चुनाव में जनता हमें सत्ता में लाएगीः सांसद मनोज तिवारी (पृष्ठ 9)

# 'संविधान हमें एक परिवार की तरह पिरो कर रखता हैं', राष्ट्र के नाम संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## 'राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं ने दिया सक्रिय योगदान'

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीयों के रूप में हमारी सामूहिक पहचान का आधार प्रदान करता है, यह हमें एक परिवार के रूप में बांधता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार ने कल्याण की अवधारणा को नए सिरे से परिभाषित किया है और बुनियादी आवश्यकताओं को अधिकार का विषय बना दिया है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' योजना शासन में निरंतरता को बढ़ावा दे सकती है और वित्तीय बोझ को कम कर सकती है।

**'लंबे समय से सोई हुई भारत की आत्मा फिर से जागी'**



राष्ट्रपति ने कहा, 'गणतंत्र दिवस का उत्सव, सभी देशवासियों के लिए सामूहिक उल्लास और गौरव का विषय है। यह कहा जा सकता है कि किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का समय, पलक झपकने जैसा होता है। लेकिन मेरे विचार से, भारत के पिछले 75 वर्षों के संदर्भ में, ऐसा बिलकुल नहीं कहा जा सकता है। यह वह कालखंड है जिसमें, लंबे समय से सोई हुई भारत की आत्मा फिर से जागी है और हमारा देश विश्व-समुदाय में अपना समुचित स्थान प्राप्त करने के लिए अग्रसर हुआ है। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को, ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था। लेकिन, भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा। औपनिवेशिक शासन में, अमानवीय शोषण के कारण देश में घोर गरीबी व्याप्त हो गई।'

**एक राष्ट्र, एक चुनाव साहसपूर्ण दूरदर्शिता का प्रयास**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने संबंधी सरकार की पहल को साहसपूर्ण दूरदर्शिता का एक प्रयास बताया और कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से सुशासन को नये आयाम दिए जा सकते हैं तथा इससे शासन में निरंतरता को बढ़ावा मिल सकता है और वित्तीय बोझ को कम किया जा सकता है।

**'हाल के वर्षों में आर्थिक विकास की दर बढ़ी है'**

राष्ट्रपति ने कहा, 'हाल के वर्षों में, आर्थिक विकास की दर लगातार ऊंची रही है, जिससे हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, किसानों और मजदूरों के हाथों में अधिक पैसा आया है तथा बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। सरकार द्वारा वित्तीय समावेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, इसलिए प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया और अटल पेंशन योजना जैसी वित्तीय समर्थन योजनाओं का विस्तार किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता पहुंचाई जा सके।

# भारत, इंडोनेशिया रक्षा, व्यापार संबंधों को बढ़ावा देंगे; आतंकवाद, कट्टरपंथ का मिलकर मुकाबला करेंगे



**नयी दिल्ली :** भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा विनिर्माण एवं आपूर्ति श्रृंखला में संयुक्त रूप से काम करने, द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाने एवं समुद्री सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देने का शनिवार को निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच व्यापक वार्ता के बाद स्वास्थ्य, समुद्री सुरक्षा, संस्कृति एवं डिजिटल क्षेत्रों में सहयोग के लिए कम से कम पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद रोधी और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी सेना की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच यह टिप्पणी आई है। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए सुबियांतो रविवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।




### गणतंत्र दिवस से पहले बीएसएफ को मिली बड़ी सफलता

# बीएसएफ ने बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास तस्करी में प्रयुक्त चार बंकरों का लगाया पता

- तीन बंकरों से 1.40 करोड़ रुपये मूल्य की 62 हजार प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बोतलें बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़े आपरेशन में बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास कृष्णगंज थाना इलाके में तस्करी में प्रयुक्त होने वाले लोहे के तीन भूमिगत स्टोरेज टंकी (बंकरों) और एक ईंट के निर्माणाधीन बंकर का पता लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि एक खुफिया सूचना पर शुक्रवार को कृष्णगंज के मझदिया कस्बे के सीमावर्ती नागहटा गांव में की गई इस छापेमारी में लोहे के तीनों बंकरों से 1.40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 62,200 बोतल प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बड़ी खेप भी बरामद की गई। इन फेंसेडिल बोतलों को सीमा पार कराकर बांग्लादेश में तस्करी की जानी थी। बीएसएफ ने शनिवार को एक बयान में बताया गया कि तस्कर इन भूमिगत टंकियों का इस्तेमाल तस्करी के लिए करते थे। दक्षिण



बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के डीआ-इजी व प्रवक्ता नीलोत्पल कुमार पांडे ने तस्करी के विरुद्ध अभियान में इसे बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि गुप्त टंकियों के भंडाफोड़ और फेंसेडिल की इतनी बड़ी खेप बरामद होने से तस्करों का नेटवर्क पूरी तरह से हिल गया है।

उन्होंने बताया कि बीएसएफ को पुख्ता सूचना मिली थी कि मझदिया इलाके में तस्करी के उद्देश्य से एक बगीचे में जमीन के नीचे लोहे की गुप्त टंकियां बनाई गई है। इसके बाद बीएसएफ की 32वीं वाहिनी की सीमा चौकी टूंगी के जवानों ने पुलिस की मौजूदगी में संदिग्ध बगीचे की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें तीन भूमिगत टंकियों का पता चला। इनमें से दो टंकी घने बगीचों के बीच छिपाकर बनाए हुए थे जबकि एक टंकी झोपड़ी के नीचे बनाया गया था। टंकियों को खोलने पर उसके अंदर फेंसेडिल की बोतलों से भरी हुई दर्जनों पेटियां बरामद हुई। इसे देख बीएसएफ अधिकारियों व जवानों की आंखें भी फटी की फटी रह गई। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान बाद में उसी इलाके में ईंट का एक निर्माणाधीन टंकी भी मिला। बंकरों का पता चलने के बाद से बगीचे का मालिक फरार बताया जा रहा है। बीएसएफ ने जब्त फेंसेडिल की खेप को आगे की क़ानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया है।

**पहली बार मिला है इस तरह का बंकर**

बीएसएफ डीआईजी ने इस ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सतर्कता, साहस और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह का गुप्त टंकी मिला है। उन्होंने कहा कि तस्कर नित नए-नए तरीके अपना रहे हैं। तस्करों के इस जटिल नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, जिससे आने वाले समय में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा: शारदा सिन्हा समेत सात को पद्म विभूषण

### 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री का भी एलान

- कोलकाता के उद्योगपति सज्जन भजनका और पवन गोयनका पद्मश्री से सम्मानित

**नयी दिल्ली :** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पद्म पुरस्कारों का एलान कर दिया गया है। इसके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किए जाने वाली हस्तियों के नामों का एलान किया गया। इस बार राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति ने 139 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी है। देर रात जारी सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण शामिल हैं। इसके अलावा 113 पद्म श्री पुरस्कारों का भी एलान किया गया है। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं। सूची में 10 विदेशी, एनआरआई, पीआईओ, ओसीआई श्रेणी के व्यक्ति शामिल हैं। वहीं, 13 मरणोपरांत पुरस्कार भी दिए जाने का एलान किया गया है। इसमें भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा (मरणोपरांत), जस्टिस (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर और सुजुकी कंपनी के ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत) बिबेक देबरॉय, सुशील मोदी और मनोहर जोशी (मरणोपरांत) के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार रात पद्म पुरस्कारों की घोषणा की।

### उद्योगपति तथा एकल अभियान से जुड़े सज्जन भजनका को पद्मश्री



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेंचुरी प्लाई ग्रुप के चेयरमैन सज्जन भजनका सामाजिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट अवदानों के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं। वनवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए चलाए जा रहे एकल अभियान में वे एक महत्व-पूर्ण प्रेरक शक्ति माने जाते हैं। इसके अलावा, वे कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी के ट्रस्टी भी हैं, जो गौमाता की सेवा करती है, और सोदपुर गौशाला में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। सामाजिक कार्यों के अलावा, श्री भजनका का अन्य कई सामाजिक पहलुओं में भी अमूल्य योगदान है। वे अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके साथ ही, 2023 में महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा उन्हें अग्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है, जो उनके सामाजिक कार्यों और समर्पण का प्रमाण है।

# गणतंत्र दिवस 2025: विभिन्न सेवाओं के 942 कर्मियों को दिए गए वीरता और सेवा पदक

**नयी दिल्ली :** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 942 पुलिस, अग्निशमन व नागरिक सुरक्षा कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया। शनिवार को जारी एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। इनमें 95 वीरता पदक शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी शामिल हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात 28, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तैनात 28, पूर्वोत्तर में तैनात तीन और अन्य क्षेत्रों में तैनात 36 कर्मी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 101 राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक (पीएसएम) में से 85 पदक पुलिस कर्मियों, पांच अग्निशमन सेवा कर्मियों, सात नागरिक सुरक्षा व होमगार्ड सेवा कर्मियों और चार सुधारात्मक सेवा से जुड़े कर्मियों को दिए गए हैं। बयान में कहा गया है कि 746 उत्कृष्ट सेवा पदकों (एमएसएम) में से 634 पुलिस सेवा, 37 अग्निशमन सेवा, 39 नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक सेवा तथा 36 सुधारात्मक सेवा कर्मियों को दिए गए हैं।

# प्रधानमंत्री, गृहमंत्री ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता के साथ छेड़छाड़ कीः कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले एक दशक में निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता के साथ गंभीर रूप से छेड़छाड़ की है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि हरियाणा और महाराष्ट्र के हाल के विधानसभा चुनावों को लेकर व्यक्त की गई चिंताओं पर आयोग का रुख आश्चर्यजनक रूप से पक्षपात से भरा रहा है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भले ही हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाते हैं, पिछले 10 वर्षों में भारत के चुनाव आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, ''हमारा निर्वाचन आयोग और हमारा संसदीय लोकतंत्र, व्यापक संदेह के बावजूद, दशकों से निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्व स्तर पर अनुकरण के लिए आदर्श बन गया। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की प्राप्ति तथा पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय हमारे नीति निर्माताओं के दृष्टिकोण का प्रतीक है।'' खरगे के अनुसार, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कायम रखने में लापरवाही अनजाने में सत्तावाद का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। उन्होंने कहा, इसलिए, हमारे लोकतंत्र को बनाए रखने और इसे रेखांकित करने वाले संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए हमारे संस्थानों की स्वतंत्रता की रक्षा करना आवश्यक है। कांग्रेस महासचिव रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज के दिन को वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।



# अब इंटाली व एक्साइड में भी इमारत झुकने की जानकारी, फैला दहशत

**❑ नगर निगम ने पहले ही एक्साइड की इमारत को 'खतरनाक' घोषित किया है**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बाघाजतिन, बेलघरिया और टेंगरा के बाद अब इंटाली में एक और ऊंची इमारत झुकने से दहशत फैल गई। शनिवार को जैसे ही उपरोक्त खबर सामने आई, हंगामा मच गया। बताया गया है कि न केवल इंटाली, बल्कि एक्साइड में भी एक पुरानी बहुमंजिला इमारत झुक रही है। आरोप है कि छत भी ढह रही है। इंटाली की इस घटना से कोलकाता नगर निगम के वार्ड 55 स्थित छातुबाबू लेन में दहशत फैल गया है। ज्ञातव्य है कि यद्यपि उस क्षेत्र में दो निकटवर्ती बहुमंजिला इमारतों के तल पर कुछ फीट की दूरी है, लेकिन तीसरी मंजिल के बाद दोनों बहुमंजिला इमारतों के बीच की दूरी धीरे-धीरे कम हो गई है। बहुमंजिला इमारतों में से एक में पांच मंजिलें हैं और दूसरी में छह मंजिलें हैं। शिकायत



यह है कि तीन मंजिला परमिट के बावजूद अवैध रूप से छह मंजिला इमारत का निर्माण किया गया है। बता दें कि उक्त तरह की घटनाएं महानगर कोलकाता में लगातार घट रही है। ऐसे में हालांकि, शुक्रवार को कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने इस मामले पर नगरपालिका की स्थिति स्पष्ट की। मेयर ने कहा था कि मैं मीडिया के माध्यम से सभी से कह रहा हूं कि फ्लैट खरीदने से पहले जांच कर लें, सारी जिम्मेदारी हमारी नहीं है। फिरहाद ने खुद सवाल किया कि क्या पुलिस चोरी का सामान खरीदने वाले को छोड़ देती है? पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करते है! लेकिन मै लोगों को कहना चाह रहा हूं कि फ्लैट खरीदने से पहले खुद भी देखना चाहिए। हम नहीं चाहते किसी की जीवन भर की कमाई इस तरह बर्बाद हो। कोलकाता के मेयर ने कहा कि खरीदारों को यह भी जांचना होगा कि जिस जमीन पर फ्लैट बनाया जा रहा है, उसके डिजाइन सहित आवश्यक अनुमति है या नहीं। साथ ही, नगर निगम से यह भी जांच करवाना जरूरी है कि ठेकेदार का नाम रजिस्टर में है या नहीं।

**अवैध मकान देखने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी : कोलकाता पुलिस आयुक्त**

कोलकाता में कई बहुमंजिला इमारतों के झुकने से रोजाना खबर आ रही है। हावड़ा में भी ऊंची इमारतों के झुकने की जानकारी मिल रही है। नगर निगम उस जर्जर बहुमंजिला इमारत के निवासियों पर कड़ी नजर रख रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें किसी भी तरह का खतरा न हो। इस बीच, कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा है कि यदि अवैध मकान देखे गए तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को हाफ मैराथन के प्रोमो में पहुंचे पुलिस आयुक्त ने पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर आपको कहीं भी कोई अवैध मकान दिखाई दे तो संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। यदि कोई अवैध घर दिखाई देने पर नगर निगम को भी सूचित करना होगा। ऐसे मकान कई स्थानों पर ध्वस्त भी किए जा रहे हैं।

## बड़े हादसे की आशंका, बिधाननगर नगर निगम का सात दिनों में खतरनाक इमारत खाली करने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर नगर निगम ने सुरक्षा के मद्देनजर वार्ड 23 के नेताजी पल्ली क्षेत्र में स्थित एक बहुमंजिला इमारत को तत्काल खाली करने का निर्देश दिया है। निगम की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि इस इमारत की तीसरी और चौथी मंजिल अवैध रूप से बनाई गई हैं, जो अब खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी हैं। अधिकारियों ने इमारत को सात दिनों के भीतर खाली करने और संपत्ति के कागजात निगम कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि स्थानीय लोगों ने गुरुवार को बागुईआटी के नेताजी पल्ली में दो इमारतों के झुकने की सूचना दी। बताया गया कि इन इमारतों में से एक, बगल की इमारत के सहारे खड़ी है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इस घटना की जानकारी मिलते ही वार्ड 23 की पार्षद झुनको मंडल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बिधाननगर नगर निगम को इस बारे में लिखित शिकायत दी। पार्षद झुनको मंडल ने बताया कि यह निर्माण उनके कार्यकाल से पहले, पूर्व तृणमूल काउंसलर आशा नंदी के समय में हुआ था। उन्होंने दावा किया कि निर्माण कार्य में नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे यह स्थिति पैदा हुई है। उनकी शिकायत के बाद बिधान-नगर नगर निगम ने फौरन कार्रवाई करते हुए इमारत को खाली करने का नोटिस जारी किया। इमारत के गिरने की आशंका से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। पार्षद झुनको मंडल ने कहा कि यह इमारत कभी भी गिर सकती है, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है। निगम ने निवासियों से अपील की है कि वे तुरंत इमारत को खाली कर दें और किसी भी अनहोनी से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

## शुभेंदु-सुकांत के बीच मतभेद की अटकलों से भाजपा चिंतित, दिल्ली में होगी बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के दो प्रमुख नेताओं- शुभेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार के बीच मतभेद की अटकलों से पार्टी में सुगबुगाहट तेज हो गई है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के बीच बढ़ती दूरी से कार्यकर्ताओं के लिए असहज स्थिति उत्पन्न हो रही है। राज्य भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व सह-अध्यक्ष सामसुर रहमान ने इस मुद्दे पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को ईमेल लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि दोनों नेताओं के बीच उत्पन्न खाई से कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की नजर इस विवाद पर है। सूत्रों के मुताबिक, इस समय पार्टी में संगठनात्मक चुनाव चल रहे हैं और फरवरी में नए प्रदेश अध्यक्ष की घो-षणा हो सकती है। ऐसे में शुभेंदु और सुकांत के बीच दूरी ने राजनीतिक अटकलों को जन्म दिया है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बहुत जल्द शुभेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार को दिल्ली बुलाकर बैठक करेंगे। इस बैठक में बंगाल भाजपा के संगठन की स्थिति और दोनों नेताओं के बीच के मतभेदों को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

## नोदाखाली में दिन दहाड़े तृणमूल नेता पर गोलीबारी, गंभीर हालत में अस्पताल में इलाजरत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह के कालियाचक के बाद अब डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के नोदाखाली में गोलीबारी की एक घटना में तृणमूल का एक नेता घायल हो गया। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार, उक्त घटना शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे नोदाखाली (2) ब्लॉक के डोंगरिया रोड इलाके में घटी। जहां गोलीबारी की घटना में रायपुर इलाके के युवा तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा मंडल गंभीर रूप पर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तृणमूल नेता को लहूलुहान हालत में बचाया और गंभीर हालत में मुचिशा ग्रामीण अस्पताल ले गए थे, लेकिन उनकी बिगड़ती हालत के कारण उन्हें कोलकाता ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में जब कृष्णा मंडल अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी पीछे से एक अन्य बाइक पर सवार होकर बदमाश आए और चलती बाइक पर गोलीबारी शुरू कर दी। कृष्णा मंडल गोली लगने के बाद खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोग उन्हें मुचिशा ग्रामीण अस्पताल ले गए, जहां से स्थानांतरित कर दिया गया। घटना की खबर मिलने पर नोदाखाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया है कि कृष्णा मंडल को पहले भी गोली मारी गई थी। करीब एक साल पहले इस तृणमूल नेता को सुबह डोंगरिया मोड़ में बाजार जाते समय गोली मार दी गई थी। कृष्णा मंडल किसी तरह उस समय में बच गये थे। शनिवार को फिर उन पर जान-लेवा हमला किया गया। प्रारंभिक तौर पर पुलिस का मानना है कि दिनदहाड़े इस तरह की गोलीबारी बिना किसी पूर्व योजना के संभव नहीं है। इस मामले में यह जांच की जा रही है कि क्या गोली मारने से पहले किसी ने उन्हें धमकाया था या फिर किसी ने तृणमूल कार्यकर्ता को घटनास्थल पर बुलाया था। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। डायमंड हार्बर पुलिस जिले की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# डिजिटल धोखाधड़ी मामले में 66 लाख रुपये की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** चारू मार्केट थाना क्षेत्र के एक डिजिटल धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला चारू मार्केट थाने में दर्ज केस नंबर 135, दिनांक 8 नवंबर 2024 से जुड़ा है, जिसमें एक वरिष्ठ महिला नागरिक से 66 लाख रुपये की ठगी की गई थी।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रताप रॉय (27 वर्ष), उत्पल सिकदर (31 वर्ष) व कुमारेश हलदार (35 वर्ष) के रूप में की गयी है। तीनों अभियुक्त कृष्णनगर, नदिया के रहने वाले हैं।

**❑ कैसे हुई गिरफ्तारी?**

मामले में पहली गिरफ्तारी प्रताप रॉय की हुई, जिसे कल्पना रॉय (म्यूल अकाउंट होल्डर) ने पहचाना।



प्रताप के बाइनैंस वॉलेट में 10,000 यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) मिले, जिसका मौजूदा मूल्य 8.40 लाख रुपये है। पुलिस ने बाइनैंस को ईमेल के जरिए इसे ब्लॉक कर दिया है।

प्रताप रॉय के बयान के आधार पर पुलिस ने उत्पल सिकदर को गिरफ्तार किया। उसके घर की तलाशी के दौरान 74 लाख रुपये नकद, दो लैपटॉप और दो मोबाइल फोन बरामद हुए।

तीसरा आरोपी कुमारेश हलदार को शुक्रवार की रात कृष्णनगर, नदिया से गिरफ्तार किया गया। वह हाल ही में राजारहाट के चाइनार पार्क इलाके में फ्लैट में रह रहा था। हालांकि, शादी में शामिल होने के लिए वह कृष्णनगर आया हुआ था, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस की जांच में पता चला है कि कुमारेश हलदार इस धोखाधड़ी में मुख्य साजिशकर्ता है। पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बयान में इसका खुलासा किया।

पुलिस अभी मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ठगी की इस साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। बरामद सामान और क्रिप्टोकरेंसी की जांच भी जारी है।

## लगातार तीसरे दिन कोहरे से कोलकाता एयरपोर्ट पर विमान सेवा बाधित

**❑ पिछले तीन दिनों में 159 विमान हो चुका है कोहरे के कारण प्रभावित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण लगातार तीसरे दिन शनिवार की सुबह आसमान और जमीन पर कई उड़ानें बाधित रहीं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने रविवार से मौसम में सुधार का अनुमान जताया है, जब हवा चलने से कोलकाता में कोहरा छंट जाएगा। शनिवार की सुबह खराब दृश्यता के कारण 53 उड़ानें विलंबित हुईं थी, जिससे परिचालन चुनौतीपूर्ण हो गया। कुल मिलाकर 23 उड़ानें देरी से पहुंचीं, जबकि 30 प्रस्थान करने वाली उड़ानों को दृश्यता में सुधार होने तक उड़ान स्थगित करनी पड़ी। हालांकि, किसी भी उड़ान को अन्य हवाई अड्डों पर नहीं भेजा गया। उल्लेखनीय है कि गत गुरुवार को कोहरे के कारण 72 उड़ानों का परिचालन प्रभावित हुआ था। जबकि, शुक्रवार को हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण 34 फ्लाइटें प्रभावित हुई थी। इनमें से सात विमानों का मार्ग परिवर्तित कर करना पड़ा था जबकि अन्य उड़ानों के आगमन एवं प्रस्थान में देरी हुई थी। मौसम विभाग के निदेशक जी के दास ने कहा कि पूर्वी हवा के कारण बंगाल की खाड़ी में नमी आ गई है, जिससे कोहरे के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। रविवार को स्थिति में सुधार होगा, जब तेज हवाएं चलने की उम्मीद है।

## ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बदला अपना अधिवक्ता

**❑ एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड आस्था शर्मा को हटाकर कुणाल मिमानी की नियुक्ति**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अब सुप्रीम कोर्ट में बंगाल सरकार की ओर से अधिवक्ता आस्था शर्मा बहस करती नजर नहीं आएंगी। ममता सरकार ने अधिवक्ता बदलने की घोषणा करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि आस्था लंबे समय से सर्वोच्च न्यायालय में बंगाल सरकार की अधिवक्ता थीं। इस बार, यह जिम्मेदारी कुणाल मिमानी को दी गई। राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस की अनुमति से सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को बदल दिया गया है। आस्था लंबे समय से सुप्रीम कोर्ट में विभिन्न मामलों में राज्य की ओर से पैरवी करती नजर आ रही थीं। हाल ही में, उन्होंने आरजीकर कांड में मुख्य न्यायाधीश की पीठ के समक्ष राज्य की ओर से दलील भी दी थी। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि आस्था को क्यों हटाया गया। राज्य सरकार ने भी इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राज्य के नए अधिवक्ता कुणाल को इस पेशे में काम करने का 11 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने देश भर की विभिन्न अदा-लतों में विभिन्न व्यापारिक संगठनों का प्रतिनिधित्व किया है। कुणाल ममता सरकार की लोक सेवा इकाई की ओर से अदालत में बहस करते रहे हैं। इसके अलावा, उन्हें दिल्ली नगर निगम के लिए लड़ने का भी अनुभव है। अब से वे ममता सरकार के लिए सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ेंगे।

## नरेंद्रपुर में स्कूल से शिक्षक का झूलता शव बरामद

**पारिवारिक अशंति के कारण आत्महत्या या हत्या? जांच में जुटी पुलिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुबह से लापता एक शिक्षक का झूलता शव बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की दोपहर दक्षिण 24 परगना जिला के नरेंद्रपुर में एक निजी स्कूल की कक्षा से उक्त शिक्षक का लटका हुआ शव बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान मृत्युंजय रजक (28) के रूप में की गई है। वह नरेन्द्रपुर इलाके के रामचन्द्रपुर का निवासी था। वह उस निजी स्कूल में हिंदी शिक्षक थे जहां उनका शव लटका हुआ मिला। इस घटना से क्षेत्र में व्यापक उत्तेजना फैल गई। इस बात को लेकर संशय बना हुआ है कि यह आत्महत्या थी या हत्या, पुलिस जांच में जुट गई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, शिक्षक के परिवार में पिछले कई दिनों से अशांति चल रही थी। इसी माहौल में वह शनिवार की सुबह घर से निकल पड़े। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटे तो परिवार के सदस्य उसे ढूंढने के लिए स्कूल गए। क्योंकि, मृत्युंजय के पास स्कूल की



चाबियां रहती थीं। परिवार का अनुमान था कि वह वहीं होंगे। बाद में, शिक्षक का लटका हुआ शव स्कूल की एक कक्षा से बरामद किया गया। स्कूल प्राधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर सोनारपुर ग्रामीण अस्पताल भेज दिया। बाद में, उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या शिक्षक ने पारिवारिक कलह के कारण आत्महत्या की है या इसके पीछे कोई और कारण है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## पुलिस प्रशिक्षण के बाद छोड़े गए बमों में विस्फोट, बशीरहाट में 2 किशोर घायल

**❑ बम निष्क्रिय करने का दिया जा रहा था प्रशिक्षण**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बमों को निष्क्रिय करने के लिए पुलिस को दिए जा रहे प्रशिक्षण के दौरान एक बम मैदान में ही छूट गया। सभी पुलिसवालों के चले जाने के बाद कुछ बच्चे मैदान में खेलने के लिए पहुंचे। तभी, उस बम को गेंद समझकर दो बच्चे खेलने लगे। उस दरौन बम विस्फोट होने से दोनों बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इनमें से एक की उम्र 10 और दूसरे की 15 साल है। 10 साल के बच्चे की हालत अत्यंत गंभीर है। उसको इलाज के लिए बशीरहाट से तत्काल आरजीकर अस्पताल में भेजा गया। अभी भी बच्चा खतरे से बाहर नहीं बताया जा रहा है। यह घटना शुक्रवार को बशीरहाट के बादुरिया थाना अंतर्गत अरबेलिया में घटी। सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, बशीरहाट पुलिस जिला पुलिस की ओर से मटिया, स्वरूपनगर और बादुरिया थानों के लिए अरबेलिया के ईंट भट्ठा क्षेत्र में फायरिंग प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रशिक्षण के दौरान किसी तरह वहां बम छोड़ दिया। पुलिस प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद दो बच्चे वहां खेलने चले गये। वे उस बम को उठा लिए। जिससे वे जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चों को बचाया और पहले बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गए। बाद में, जब उनमें से एक की हालत बिगड़ गई तो उसे उसी रात आरजीकर अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस घटना को लेकर लोगों में उत्तेजना व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि पुलिस ने गैरजिम्मेदाराना तरीके से वहां बम कैसे छोड़ दिए। हालांकि, इस मामले को लेकर पुलिस की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

## असफाकुल्ला के बाद अब किंजल नंदा, राज्य मेडिकल काउंसिल ने काम के बीच शूटिंग की मांगी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** असफाकुल्ला नाय्या के बाद अब किंजल नंदा। आरजीकर आंदोलन का एक और प्रमुख चेहरा राज्य मेडिकल काउंसिल की जांच के दायरे में है। उन पर कर्तव्य में लापरवाही का आरोप लगाया गया है। बता दें कि पीजीटी को तुलनात्मक रूप से कम छुट्टी मिलती है। ऐसे में सरकारी अस्पताल की जिम्मेदारी संभालते हुए किंजल नंदा को विज्ञापन और फिल्मों में शूटिंग का मौका कैसे मिला, यह राज्य मेडिकल काउंसिल की जांच के दायरे में है। राज्य मेडिकल काउंसिल ने आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस संबंध में जानकारी मांगी है। पत्र की कॉपी नवान्न एवं स्वास्थ्य सचिव को भी भेजा गया है। पत्र में, पूछा गया है कि क्या वास्तव में पीजीटी के रूप में किंजल की उपस्थिति 80 प्रतिशत है? उन्होंने कितनी छुट्टी ली हैं? पीजीटी के रूप में उनको कितना स्टाइपेंड मिला है? किंजल नंदा विज्ञापनों और फिल्मों में अभिनय किया है। ऐसे में उन्होंने काम और शूटिंग का प्रबंधन कैसे किया? क्या उन्हें शूटिंग के लिए एनओसी मिली थी? आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अध्यक्ष को इस प्रश्न से संबंधित जानकारी राज्य मेडिकल काउंसिल को देनी होगी। हालांकि, किंजल नंदा का कहना है कि उन्हें इस पत्र के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे पत्र के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं है। अगर मुझे पता चला तो मैं उसके अनुसार कार्रवाई करूंगा।

## कोलकाता से बक्खाली जाते समय भीषण सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता से बक्खाली जाते समय काकद्वीप थाना इलाके में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि घटना में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि इस दिन, पांच पर्यटकों का एक समूह चार पहिया वाहन से बक्खाली की ओर जा रहा था। सुबह करीब 11 बजे कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और नामखाना सीमाबांध बस स्टॉप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 117 पर खड़े एक कंटेनर से टकरा गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय निवासियों ने ड्राइवर समेत पांच लोगों को खून से लथपथ हालत में बचाया और उन्हें तुरंत



काकद्वीप उपजिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाने के बावजूद मौत हो गई। जबकि, बाकी चार की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ, दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 117 कुछ समय के लिए अवरुद्ध हो गया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए काकद्वीप थाने के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटा दिया गया। घायल पर्यटक की पहचान की जा रही हैं।

## पत्नी की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप, पति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पत्नी की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने के आरोप में पति को गिरफ्तार किया गया है। यह सनसनीखेज घटना नदिया जिला के कल्याणी के आनंदपुर इलाके में घटी। मृतका का पहचान रीमा मजूमदार के रूप में की गई है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गत शुक्रवार की रात कल्याणी ब्लॉक के सुकना ग्राम पंचायत के आनंदपुर निवासी रीमा मजूमदार का झूलता शव बरामद किया गया है। ग्येशपुर चौकी की पुलिस ने शव को बरामद कर अस्पताल पहुंचाया। मृतका के परिवार का आरोप है कि बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती है। उनके दामाद ने उसकी हत्या कर दी और उसे फांसी पर लटका दिया। बताया गया है कि कल्याणी के घोषपाड़ा इलाके की निवासी रीमा मजूमदार की शादी दो साल पहले आनंदनगर निवासी राजू मजूमदार से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही परिवार में लगातार अशांति बनी हुई थी। मानसिक प्रताड़ना के साथ- कभी-कभी उसकी पिटाई भी की जाती थी। परिवार को उनकी बेटी की मौत की खबर पड़ोसियों से मिली। खबर मिलते ही परिवार के लोग अस्प-ताल पहुंचे। उन्होंने आपातकालीन विभाग में बेटी का शव पड़ा देखा। इसके तुरंत बाद लोगों में गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने राजू मजूमदार के खिलाफ कल्याणी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर राजू को गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल से कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल के पुलिस मुर्दाघर भेज दिया गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## आज गणतंत्र दिवस पर राज्य के 20 पुलिस अधिकारियों को मिलेगा पुलिस पदक

**कोलकाता, समाज्ञा :** आज पूरे देश में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। इस दिन, केंद्र हर वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को दो श्रेणियों में पदक देकर सम्मानित करता है। पहला पदक विशिष्ट सेवा (विशेष योगदान) के लिए और दूसरा पुरस्कार सराहनीय सेवा पदक (उल्लेखनीय योगदान) के लिए दिया जाता है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर इस राज्य के 20 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने जा रहा है। इनमें पुलिस अधीक्षक दुतीमान भट्टाचार्य, सहायक पुलिस आयुक्त देबाशीष घोष, सहायक पुलिस आयुक्त सुभाषिश भट्टाचार्य, सहायक पुलिस आयुक्त सोमजीत सूर, सहायक पुलिस आयुक्त जयंत कुमार साहा, इंस्पेक्टर सुमित दासगुप्ता, इंस्पेक्टर नन्ददुलाल घोष, इंस्पेक्टर बिभास देव, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अनिमेष घोष, कांस्टेबल मनोज कुमार रॉय, कांस्टेबल गौतम हलदर, सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद शाहिद मोल्ला, सब-इंस्पेक्टर सिद्धार्थ मंडल, सब-इंस्पेक्टर मानस मुखर्जी, सब-इंस्पेक्टर विश्वजीत पाल, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर रंजीत छेत्री, सब-इंस्पेक्टर विद्युत कर्मकार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर तुहिन शुभ्रो राहा, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर सुजाता मंडल और कांस्टेबल सुतापा पात्रा सरकार शामिल है।

# राजस्व जुटाने, व्यय गुणवत्ता और ऋण सूचकांक में बंगाल का प्रदर्शन खराब : नीति आयोग

**नई दिल्ली/कोलकाता**

नीति आयोग द्वारा जारी 'राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक: 2025' ने राजस्व जुटाने, व्यय गुणवत्ता और ऋण सूचकांक में पश्चिम बंगाल के खराब प्रदर्शन का खुलासा किया है। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया द्वारा नई दिल्ली में लॉन्च एफएचआई 2025, 18 प्रमुख राज्यों के राजकोषीय स्थिति का व्यापक मूल्यांकन करता है। समीक्षा किए गए 18 राज्यों में से, पश्चिम बंगाल 16वें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल के लिए चिंता का पहला कारण राज्य सरकार द्वारा व्यय की गुणवत्ता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल व्यय के अनुपात के रूप में पश्चिम बंगाल का बुनियादी ढांचे पर खर्च 2018-19 में 5.3 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 3 प्रतिशत हो गया है, जो राष्ट्रीय औसत से कम है। कुल व्यय के अनुपात के रूप में पूंजीगत व्यय की तस्वीर दयनीय है, जो 2018-19 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 8.3 प्रतिशत हो गई है और फिर से राष्ट्रीय औसत से कम है। हालांकि, समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान कुल व्यय के अनुपात के रूप में सामाजिक व्यय के तहत प्रतिशत पश्चिम बंगाल में तुलनात्मक रूप से अधिक 28.2 प्रतिशत रहा था, लेकिन यह आंकड़ा फिर से राष्ट्रीय औसत से कम है। 'राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक: 2025' पर रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि पश्चिम बंगाल का कर राजस्व राज्य सरकार के लिए आय का प्रमुख स्रोत था, इसका मुख्य कारण एसजीएसटी के तहत संग्रह था और इसलिए पिछले पांच वर्षों में यह 6.6 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा, जबकि राज्य के गैर-कर राजस्व में पिछले पांच वर्षों में गिरावट देखी गई है। साथ ही, रिपोर्ट में कहा गया है कि राजस्व प्राप्तियों के अनुपात के रूप में अनुदान सहायता पर पश्चिम बंगाल की निर्भरता 2018-19 में 17.6 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 19.6 प्रतिशत हो गई है। इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि हालांकि, पश्चिम बंगाल का कर्ज सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के प्रतिशत के रूप में पिछले वाम मोर्चा शासन के अंतिम वित्तीय वर्ष 2010-11 में 40.7 प्रतिशत से घटकर 2018-19 में 35.7 प्रतिशत हो गया है, लेकिन इस मामले में राज्य सरकार के लिए चिंता का असली कारण उपार्जित कर्ज पर ब्याज भुगतान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वर्ष में ब्याज भुगतान राजस्व प्राप्तियों का 20.47 प्रतिशत है, जिससे राज्य की विकास के लिए धन आवंटित करने की क्षमता बाधित होता है।

## स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजीकर घटना से लेकर हालिया मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में सेलाइन कांड तक, सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की भूमिका को लेकर लगातार कई शिकायतें उठाई जा रही हैं। ऐसे में अब राज्य का स्वास्थ्य विभाग सरकारी अस्प-तालों में डॉक्टरों की कार्यप्रणाली को लेकर सख्त कदम उठाने जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग कार्यस्थल पर वरिष्ठ डॉक्टरों और जूनियर डॉक्टरों के कर्तव्यों पर एक दिशानिर्देश जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों को अगले एक माह की ड्यूटी रोस्टर की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग जब चाहे अस्पतालों का औचक दौरा कर सकता है।

**Name Change**

I, Dilip Patel, son of late Budhu-ram Patel, residing at 21, Rameshwar Malia Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that Dilip Kumar Choudhary and Dilip Patel is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class Judicial Magistrate at Kolkata dated 3rd December 2024.

**Name Change**


I, VIMAL BARUA (OLD NAME), S/O LATE JOGESH CHANDRA BARUA, RESIDING AT 732/2/89, RAMANAND NAGAR, ALLAPUR, PO-DARAGANJ, DIST- ALLA-HABAD, PIN-211006 UTTAR PRADESH, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCE-FORTH BE KNOWN AS BIMAL KUMAR BARUA (NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 24/01/2025. VIMAL BARUA (OLD NAME) AND BIMAL KUMAR BARUA (NEW NAME) ALL ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**Notice**

**SUCCESSION CASE NO 49/2023**
This is hereby notified that Farida Khatun, wife of Late MD. Ali, residing at 346/3, G.T. Road, P.O. B. Garden, Howrah-711103 has filed the instant case before the Ld. Court for obtaining sucession cer- tificate in respect of the schedule mentioned amount, if any body has any objection then he/ she/ they should file objection within 30 days from the date of publica- tion of this notice, otherwise the case is to be heard ex-parte. All that piece and parcel of the gratu-ity amount of Rs 1,42,679/- only lying with the company By order of the Court Sheristhadar District Delegate at Howrah.


जब ₹1.5 लाख* में मिलेगा अपना स्पेस
तरक़्क़ी करेगा हमारा देश
26TH JANUARY
INDIA
REPUBLIC DAY
हमारे स्टेट अप्रूव्ड इंडस्ट्रीयल पार्क पर जमीन खरीदे और सरकार द्वारा प्रदान की गई सभी सुविधाओं का लाभ उठायें
Q®
INDUSTRIAL PARK
*T & C Apply
आज ही संपर्क करें ! | 98741 92222

# संविधान सभा की बहस से संबंधित तथ्य



डॉ राकेश कुमार आर्य

आज देश अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी 1950 भारतीय संविधान के लागू होने की तिथि है। उस दिन हमारे सनातन राष्ट्र भारतवर्ष ने अपने गणतंत्र का दिशा पथ निर्धारित किया था। सदियों तक लाखों - करोड़ों बलिदान देने के पश्चात जिस गणतंत्र के राष्ट्रपथ पर देश ने चलने का निर्णय लिया था, सचमुच वह बहुत ही त्याग, तपस्या और बलिदान के पश्चात मिले हुए क्षण थे।

9 दिसंबर 1946 को भारत के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा की पहली बैठक हुई। इस सभा की अध्यक्षता डॉ सच्चिदानंद सिन्हा द्वारा की गई थी। जबकि दो दिन बाद अर्थात 11 दिसंबर को संविधान सभा का स्थाई अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद को बनाया गया। 26 नवंबर 1949 तक 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन में संविधान बनकर तैयार हुआ। इस दौरान कुल मिलाकर संविधान सभा ने 165 दिन अपनी विशेष बैठकें की। इन बैठकों के माध्यम से संविधान सभा के सदस्यों ने संविधान की एक-एक धारा पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किये। 101 दिनों तक प्रत्येक खंड पर जमकर चर्चा हुई। संविधान देश के लिए किस प्रकार उपयोगी हो सकता है, किस धारा में कितना संशोधन अभी अपेक्षित है ? किस वर्ग का अभी तक शोषण होता रहा है और अब उसे किस प्रकार का संवैधानिक संरक्षण प्रदान कर अपना विकास करने के समुचित अवसर प्रदान किए जाएंगे ? इत्यादि बिंदुओं और धाराओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

संविधान सभा में सदस्यों ने कुल मिलाकर लगभग 36 लाख शब्द बोले थे। संविधान सभा में डॉ भीमराव अंबेडकर ने प्रत्येक धारा पर अपने विचार व्यक्त करने का कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने संविधान निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। विश्व के अन्य देशों के संवैधानिक प्राविधानों का उन्होंने विस्तृत अध्ययन किया था। यही कारण था कि संविधान सभा के वह एकमात्र ऐसे सदस्य थे, जिन्होंने सबसे अधिक शब्द बोले थे। वह संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। यद्यपि उनका कार्य संविधान सभा द्वारा पारित किए गए प्रस्तावों या धाराओं का संग्रह करना और प्रस्तावित धाराओं का लेखन करना मात्र था, परंतु उन्होंने संविधान सभा में होने वाली चर्चाओं में भी जिस प्रकार बढ़ चढ़कर भाग लिया, उससे उनकी बौद्धिक प्रतिभा का सभी लोगों ने लोहा माना।

मुस्लिम और ब्रिटिश राजशाही की तानाशाही ने जमकर लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन किया था। परिणामस्वरूप जब देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई तो संविधान सभा में मौलिक अधिकारों पर 16 दिनों तक बहस कराई गई। इससे संविधान सभा के सदस्यों को मौलिक अधिकारों की स्थिति, स्थापना और उनके परिणामों पर चर्चा करने का पूरा अवसर प्राप्त हुआ। संविधान सभा की सामूहिक इच्छा थी कि भविष्य में वह दुर्दिन दोबारा लौटकर न आएं, जब लोगों के संवैधानिक मौलिक अधिकारों का हनन हो । इसके लिए संविधान को प्रत्येक दृष्टिकोण से न केवल लचीला बनाने का विचार किया गया अपितु उसे उन प्रावधानों के प्रति कठोर बनाने का भी प्रयास किया गया जिनसे देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन होना संभावित था।

भारतीय संविधान सभा ने निर्णय लिया कि राज्य को लोक कल्याणकारी बनाए रखने के लिए कुछ नीति निर्देशक तत्वों का समायोजन भी किया जाए। वास्तव में ये नीति निर्देशक तत्व देश की सरकारों के पथ प्रदर्शक तत्व कहे जा सकते हैं। इनका उद्देश्य लोकशाही को लोकतंत्र के पवित्र पथ पर डाले रखकर उसे जन भावनाओं के अनुकूल बनाए रखना था। इतना सुंदर और उदार बनाना था कि भविष्य में लोक कल्याण के अपने पवित्र उद्देश्य से वह इधर-उधर होने के बारे में सोच भी ना पाए। राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों पर संविधान सभा ने 6 दिनों तक चर्चा की थी। एक-एक सदस्य ने अपने विचार व्यक्त किये और संविधान के प्रति सभी देशवासियों की श्रद्धा समान रूप से बनी रहे, इसके लिए संविधान को सर्वप्रिय बनाए रखने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर संविधान सभा ने भरसक प्रयास किया। देश का कोई भी वर्ग या संप्रदाय संविधान नाम की पवित्र पुस्तक से शासित और अनुशासित होने में अपने आप को गौरवान्वित अनुभव करे, इसके लिए प्रत्येक वर्ग और संप्रदाय की भावनाओं का सम्मान करने का यथासंभव प्रयास किया गया। देश के नागरिकों की नागरिकता की अवधारणा पर भी संविधान सभा में प्रतिष्ठित सदस्यों ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए थे।




9 दिसंबर, 1946: संविधान सभा की पहली बैठक

इस पर भी पर्याप्त समय दिया गया था।

जिन सदस्यों को प्रारूप समिति का सदस्य बनाया गया था, संविधान सभा में उनकी विशेष जिम्मेदारी थी। उन्हें प्रारूप समिति का सदस्य ही इसलिए बनाया गया था कि वह संविधानों के विषय में अन्य सदस्यों की अपेक्षा कुछ अधिक जानकारी रखते थे। उनकी बौद्धिक प्रतिभा की इसी विशिष्टता का सम्मान करते हुए उनसे यह अपेक्षा की जाती थी कि वह संविधान सभा में अन्य सदस्यों की अपेक्षा अधिक तार्किक और ठोस विचार प्रस्तुत करेंगे। यही कारण था कि प्रारूप समिति के सदस्य अन्य सदस्यों की अपेक्षा कुछ अधिक देर तक अपना सकारात्मक चिंतन संविधान की धाराओं पर खुलकर प्रस्तुत करते थे। अन्य सदस्यों के विचारों पर प्रारूप समिति के सदस्य अपनी प्रतिक्रिया देते थे। उन विचारों का तार्किक आधार पर सुधार करने का प्रयास करते थे और सुधरे हुए सुथरे विचारों को लिखने का कार्य भी करते थे। संविधान सभा में कल 15 महिला सदस्य थीं। उनमें से भी केवल 10 ने ही संविधान सभा की सक्रिय बहस में भाग लिया था। संविधान सभा की कुल बैठकों में होने वाली चर्चाओं के कुल दो प्रतिशत भाग में ही महिलाओं की सहभागिता रही थी। स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस की सदस्य जी दुर्गाबाई ने महिला सदस्यों में सबसे अधिक शब्द बोलने का कीर्तिमान स्थापित किया था।

संविधान सभा में नामित रियासतों के सदस्यों की तुलना में प्रति के सदस्यों ने बहस में अधिक सक्रिय भाग लिया था। जहां प्रांतीय सदस्यों ने लगभग 85 प्रतिशत चर्चाओं में अपना बहुमूल्य योगदान दिया, वहीं रियासतों के सदस्यों ने लगभग 6 प्रतिशत चर्चाओं में ही अपना योगदान दिया।

यहां पर यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि देश की स्वाधीनता के समय राज्य और रियासत में एक मौलिक अंतर था। वास्तव में यह मौलिक अंतर राज्य और रियासत के शासन प्राधिकार और स्थिति के आधार पर था। रियासतें स्थानीय शासकों द्वारा शासित स्वतंत्र इकाइयां थीं। वहीं राज्य ब्रिटिश शासन के अधीन थे। रियासतें ब्रिटिश भारत का हिस्सा नहीं थीं। ज्ञात रहे कि देश की स्वाधीनता के समय 20 रियासतें ऐसी थीं, जो आकार में ब्रिटेन और फ्रांस से भी बड़ी थीं अर्थात ब्रिटेन और फ्रांस से 20 गुणा भारत आजादी के समय स्वाधीन था।

(लेखक सुप्रसिद्ध इतिहासकार और भारत को समझो अभियान समिति के राष्ट्रीय प्रणेता हैं )

# सुभाष चंद्र बोस: कल, आज और कल



डॉ.मंजरी शुक्ला

**प्रस्तावना :**

सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होंने अपनी अटूट इच्छाशक्ति और अद्वितीय नेतृत्व क्षमता से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी। उनका व्यक्तित्व साहस, संघर्ष और त्याग का प्रतीक था। उन्होंने न केवल ब्रिटिश शासन को चुनौती दी, बल्कि भारतीय जनमानस को स्वतंत्रता के लिए संगठित और प्रेरित किया। उनका प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा, आज भी युवाओं को प्रेरित करता है। यह लेख उनके जीवन, कार्यों और उनकी विचारधारा की प्रासंगिकता पर केंद्रित है।

**सुभाष चंद्र बोस का जीवन:**

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षा**

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक, उड़ीसा में एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ। उनके पिता जानकीनाथ बोस एक प्रसिद्ध वकील थे। बचपन से ही सुभाष में देशभक्ति की भावना गहरी थी।

**शिक्षा:**

सुभाष ने प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता से पढ़ाई की और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.सी.एस.) परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया। हालांकि, उन्होंने ब्रिटिश शासन के अधीन नौकरी करने से इनकार कर दिया और देश की सेवा में जुट गए।

**स्वतंत्रता संग्राम में योगदान:**

सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

1938 में हरिपुरा अधिवेशन और 1939 में त्रिपुरी अधिवेशन में उन्होंने कांग्रेस का नेतृत्व किया।

गांधीजी से विचारधारा में मतभेद होने के कारण उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।

1941 में ब्रिटिश सरकार द्वारा नजरबंद किए जाने के बाद उन्होंने गुप्त रूप से देश छोड़ दिया और जर्मनी तथा जापान के सहयोग से आज़ाद हिंद फौज (खपवळरप छर-ींळेपरश्र -ीू) का गठन किया।

उनका उद्देश्य था सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को स्वतंत्र करना।

**आजाद हिंद फौज और उनकी भूमिका:**

सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में आज़ाद हिंद फौज का नेतृत्व संभाला। उन्होंने भारतीय सैनिकों को एकजुट कर स्वतंत्रता संग्राम को नया मोर्चा दिया।

उन्होंने आज़ाद हिंद सरकार की स्थापना की, जिसे जर्मनी, जापान और इटली जैसे देशों ने मान्यता दी।

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में फहराकर उन्होंने भारत की स्वतंत्रता की घोषणा की।

**प्रेरणादायक व्यक्तित्व:**

सुभाष चंद्र बोस का व्यक्तित्व ओजस्वी था। उनकी भाषण शैली और नेतृत्व कौशल ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस के विचारों की प्रासंगिकता:**

सुभाष चंद्र बोस के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे।

आज के युवाओं के लिए उनका जीवन साहस, संघर्ष और नेतृत्व का एक आदर्श है।

**देशभक्ति और आत्मनिर्भरता:**

उनका स्वराज का सपना आज भारत की आत्मनिर्भरता की नीति में झलकता है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा:**

उन्होंने भारतीय सेना की मजबूती और तकनीकी विकास पर जोर दिया। आज की भारतीय सेना उनकी दूरदर्शी सोच को साकार कर रही है।

**स्मारक और संस्थान:**

सुभाष चंद्र बोस की याद में कई स्मारक, म्यूजियम और संस्थान बनाए गए हैं।

दिल्ली का नेताजी भवन।

कोलकाता में नेताजी संग्रहालय।

भारतीय सेना में नेताजी सुभाष ट्रेनिंग एकेडमी।

**आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण:**

सुभाष चंद्र बोस का विचार था कि आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय के बिना स्वतंत्रता अधूरी है। यह विचार आज भारत की विकास योजनाओं में शामिल है।

**भविष्य की दिशा में सुभाष चंद्र बोस की शिक्षाओं से प्रेरणा:**

सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें सिखाता है कि अगर हमारी इच्छाशक्ति मजबूत है, तो हम किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं।

**युवाओं का सशक्तिकरण:**

शिक्षा और देशभक्ति का मेल ही सशक्त युवा तैयार कर सकता है।

**आर्थिक स्वावलंबन:**

बोस ने आर्थिक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया था। भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उनके विचार आज भी मार्गदर्शक हैं।

**राष्ट्रीय एकता और प्रगति:**

सुभाष चंद्र बोस ने जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर भारत को एकजुट करने का सपना देखा था। उनके इस दृष्टिकोण को लागू करके भारत आने वाले कल में और अधिक प्रगति कर सकता है।



**निष्कर्ष :**

सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग, साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने जो सपना देखा था, वह न केवल भारत की स्वतंत्रता तक सीमित था, बल्कि एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना था जो हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त हो।

उनके विचार और कार्य आज भी हमारे देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका जीवन हमें बताता है कि असंभव कुछ भी नहीं है, बस जरूरत है सही दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प की। कल, आज और कल में सुभाष चंद्र बोस हमेशा प्रासंगिक रहेंगे।

# प्राथमिक कक्षाओं में हिंदी बोलने की शिक्षा देने के प्रभावी तरीके



त्रिलोक नाथ पांडेय

हिंदी भाषा हमारे देश की पहचान और सांस्कृतिक धरोहर है। यह न केवल हमारे संचार का माध्यम है, बल्कि हमारे विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का सबसे सशक्त तरीका भी है। प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को हिंदी बोलने की शिक्षा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके भाषा कौशल को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी मातृभाषा/राजभाषा के प्रति जुड़ाव का अनुभव भी कराता है।

**हिंदी बोलने की शिक्षा में आने वाली चुनौतियाँ**

बच्चों को हिंदी बोलने में निपुण बनाना शिक्षकों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है। इसकी प्रमुख समस्याएँ निम्नलिखित हैं:

1. **आत्मविश्वास की कमी**

बच्चे अक्सर झिझकते हैं या गलती करने के डर से हिंदी बोलने से बचते हैं।

उदाहरण: यदि बच्चा मैंने खाया खाना के स्थान पर मैंने खाया था खाना बोलता है, तो उसे लगता है कि लोग उस पर हंसेंगे।

**समाधान:**

बच्चों को यह समझाएं कि गलती करना सीखने की प्रक्रिया का एक सामान्य हिस्सा है।

उन्हें प्रोत्साहित करें और सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। जैसे, तुमने बहुत अच्छा प्रयास किया।

2. **शब्दावली का अभाव**

अधिकांश बच्चों के पास शब्दों का सीमित भंडार होता है, जिससे उन्हें सही वाक्य बनाने में कठिनाई होती है।

उदाहरण: वे गाड़ी और वाहन के बीच का अंतर नहीं समझ पाते।

**समाधान:**

चित्रों, फ्लैशकार्ड्स, और वास्तविक वस्तुओं के माध्यम से शब्दों का अभ्यास कराएं।

उदाहरण के लिए, खिड़की शब्द सिखाने के लिए कक्षा की खिड़की की ओर इशारा करें।

3. **व्याकरण की जटिलता**

बच्चों को हिंदी व्याकरण के नियमों को समझने में कठिनाई हो सकती है।

उदाहरण: मैं पानी पीना चाहता हूँ और मैं पानी पीता हूँ के बीच का अंतर।

**समाधान:**

व्याकरण के नियमों को कहानियों और उदाहरणों के माध्यम से सरल बनाएं।

था, थी, थे जैसे व्याकरणिक उपयोग को बच्चों के पसंदीदा पात्रों की कहानियों से जोड़कर सिखाएं।

**हिंदी बोलने की शिक्षा के प्रभावी तरीके**

1. **कविता और गीतों का उपयोग**

कविताएँ और गीत बच्चों को उच्चारण, लय, और स्वर सिखाने का सबसे मज़ेदार तरीका हैं।

**उदाहरण:**

चंदा मामा दूर के या लकड़ी की काठी जैसी कविताएँ बच्चों को हिंदी के ध्वनि-तत्व सिखाने में मदद करती हैं।

अहा टमाटर जैसे गीत बच्चों को लयबद्ध तरीके से बोलने की प्रेरणा देते हैं।

2. **खेल और समूह गतिविधियाँ** (Games and Group -ctivities)

खेल और गतिविधियाँ बच्चों को सहज और मज़ेदार तरीके से भाषा सिखाने में सहायक होती हैं।

**उदाहरण:**

शब्द जोड़ो का खेल खेलें, जिसमें बच्चे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएंगे।

कौन क्या कर रहा है? जैसे खेल में बच्चे क्रिया के सही प्रयोग सीख सकते हैं।

3. **कहानी और चर्चा** (Storytelling and Discussions)

कहानी सुनाने और उस पर चर्चा करने से बच्चे अपनी भावनाओं को व्यक्त करना सीखते हैं।

**उदाहरण:**

पंचतंत्र,पुराणों की कहानियों से बच्चों को भाषा के साथ नैतिक शिक्षा भी दी जा सकती है।




**कहानी के बाद उनसे पूछें:**

इस कहानी में तुम्हें सबसे अच्छा कौन-सा पात्र लगा?

कहानी से क्या सिखने को मिला?

4. **दृश्य सामग्री का उपयोग** (Use of Visual Aids)

चित्र, वीडियो, और कठपुतलियाँ बच्चों को व्यावहारिक और रोचक तरीके से सिखाने में सहायक होती हैं।

**उदाहरण:**

आम सिखाने के लिए आम की तस्वीर दिखाएं और यह मीठा फल है कहें।

पक्षी शब्द समझाने के लिए पक्षियों की उड़ान का वीडियो दिखाएं।

हिंदी बोलने की आदतें विकसित करना

बच्चों को हिंदी में बोलने की आदत डालने के लिए नियमित अभ्यास और प्रोत्साहन देना ज़रूरी है।

1. **दैनिक अभ्यास:**

हर दिन बच्चों से आज का वाक्य बोलने के लिए कहें।

उदाहरण:

शिक्षक: आज का वाक्य है – मैं सुबह जल्दी उठता हूँ।

बच्चा: मैं भी जल्दी उठता हूँ।

2. खेलों के माध्यम से अभ्यास:

खेलों के माध्यम से शब्दों और वाक्यों का अभ्यास कराएं।

उदाहरण: सुनो और बोलो नामक खेल में शिक्षक एक वाक्य बोलेंगे, और बच्चे उसे दोहराएंगे।

3. **जोड़ी गतिविधियाँ** (Pair Work):

बच्चों को जोड़ों में बाँटकर एक-दूसरे से प्रश्न पूछने और उत्तर देने का अभ्यास कराएं।

उदाहरण:

**बच्चा 1:** तुम्हारा पसंदीदा फल कौन-सा है?

**बच्चा 2:** मुझे आम पसंद है।

**शिक्षक की भूमिका और तैयारियाँ**

शिक्षकों को बच्चों की ज़रूरतों और उनकी रुचि को समझते हुए शिक्षण सामग्री तैयार करनी चाहिए।

पोस्टर, कठपुतलियाँ, और चित्रों का उपयोग करें।

प्रोत्साहन और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें।

कक्षा में हिंदी के लिए एक रोचक माहौल बनाएं।

**निष्कर्ष :**

हिंदी बोलने की शिक्षा केवल भाषा सिखाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के आत्मविश्वास, सोचने की क्षमता, और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने का एक सशक्त उपकरण है। शिक्षकों को बच्चों की चुनौतियों को समझते हुए उन्हें रोचक और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से हिंदी सिखानी चाहिए। सही दिशा-निर्देश और प्रयास से बच्चे न केवल हिंदी में निपुण बनेंगे, बल्कि अपनी मातृभाषा/राजभाषा के प्रति गर्व भी महसूस करेंगे।

# दफ्तर में पहनकर जाएं ऐसे कुर्ते

गणतंत्र दिवस पर विशेष रूप से तिरंगे ध्वज को सलामी दी जाती है, और राष्ट्रपति भारत के सर्वोच्च नेता के रूप में परेड में भाग लेते हैं। इस दिन को देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है और विभिन्न राज्य स्तर पर भी समारोह होते हैं। सरकारी और निजी दफ्तरों में भी तमाम कार्यक्रम होते हैं, जिसके लिए लोग काफी तैयारी करते हैं यदि आपके दफ्तर में भी गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम है तो अपने लुक से आप देशभक्ति दिखा सकते हैं। लड़कों के लिए यहां हम आपको कुछ विकल्प देने जा रहे हैं।

**नारंगी कुर्ता**

तिरंगे के रंगों का पहला रंग नारंगी है। ऐसे में आप अपने दफ्तर में नारंगी रंग का कुर्ता कैरी करके जा सकते हैं। इसके साथ सफेद रंग की पायजामी काफी अच्छी लगेगी। नारंगी कुर्ता पहनते समय ध्यान रखें कि ये कुर्ता प्लेन ही होना चाहिए। यदि इस पर किसी तरह का कोई वर्क होगा, तो लुक बिगड़ सकता है।

**सफेद कुर्ता**

सफेद रंग का कुर्ता तो हर किसी के पास होता है। ऐसे में आप गणतंत्र दिवस के मौके पर ऐसा सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा कैरी कर सकते हैं। यदि आपके पास ये नहीं है तो बाजार से खरीद लें। सफेद रंग का चिकनकारी कुर्ता देखने में कमाल का लगता है। इसपर आप तिरंगा ब्रोच लगा सकते हैं। तिरंगा ब्रोच से लुक निखरकर सामने आएगा।

**हरा कुर्ता**

तिरंगे का तीसरा रंग होता है हरा, जो हरियाली का प्रतीक होता है। ऐसे में देश के सबसे खास दिन अपने दफ्तर में हरे रंग का कुर्ता कैरी करके जाएं। हरे रंग के कुर्ते के साथ सफेद रंग की पायजामी या फिर धोती काफी अच्छी लगती है। इस लुक में आप काफी हैंडसम दिखेंगे।

**सफेद कुर्ते के साथ पहनें नीली जैकेट**

तिरंगे के बीचों-बीच में जो अशोक चक्र बना है वो नीले रंग का है। ऐसे में आप इस तरह से सफेद रंग के कुर्ते के सआथ नीले रंग की जैकेट कैरी कर सकते हैं। ये लुक बाकियों से काफी अलग है। यदि आपके पास जैकेट नहीं है तो आप सफेद कुर्ता-पायजामा पर अशोक चक्र वाला ब्रोच लगा सकते हैं।

रेसिपी कार्नर

# तिरंगा ब्रेड पिज्ज़ा






गणतंत्र दिवस भारत का एक प्रमुख राष्ट्रीय पर्व है, जिसे प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था, और भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई थी।

गणतंत्र दिवस हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बलिदान और हमारे संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मेहनत का प्रतीक है। ये दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम एक स्वतंत्र और समानतापूर्ण देश में रहते हैं, जहां हर नागरिक को अपनी आवाज उठाने, अपने विचार व्यक्त करने और अपने अधिकारों का पालन करने की स्वतंत्रता है। इस दिन को लोग अपने-अपने तरीके से सेलिब्रेट करते हैं। बहुत से लोग घूमने जाते हैं तो वहीं बहुत से लोग अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते हैं।

यदि आप भी इस दिन अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करने का सोच रही हैं तो स्नैक्स में कुछ खास तैयार करें। यहां हम आपको आसान विधि से घर पर तिरंगा पिज्जा बनाने की विधि बताने जा रहे हैं, जिसको बनाकर आप खाने से सहारे से देशभक्ति दिखा सकते हैं।

**तिरंगा ब्रेड पिज्जा बनाने का सामान**

सफेद ब्रेड स्लाइस
पिज्जा सॉस
हरे रंग के लिए: हरा शिमला मिर्च,
केसरिया रंग के लिए: टमाटर
सफेद रंग के लिए: पनीर
मोजरैला चीज और लिक्विड चीज
नमक, काली मिर्च, चिली फ्लैक्स
ऑरैगैनो या इटैलियन मसाले

**विधि**

तिरंगा ब्रेड पिज्जा बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले ब्रेड स्लाइस को हल्का सा टोस्ट कर लें, ताकि वह कुरकुरी हो जाए। हर ब्रेड स्लाइस पर थोड़ा सा पिज्जा सॉस लगाएं। इसके बाद इसपर थोड़ा सा लिक्विड चीज फैला दें।

अब ब्रेड स्लाइस पर एक साइड में पर बारीक कटी हरी शिमला मिर्च लगाएं। इसके बाद बीच में सफेद रंग के लिए पनीर के छोटे टुकड़े ब्रेड पर रखें। आखिर में केसरिया रंग के लिए आपको टमाटर सबसे ऊपर लगाना है। तैयार होने के बाद नमक, काली मिर्च हल्की सी उबर से बुरक दें।

ध्यान रखें कि ये तीनों चीजें बराबर जगह पर लगी होनी चाहिए, वरना तिरंगा सही नहीं बनेगा। अब आखिर में सबसे ऊपर के ब्रेड स्लाइस पर कसा हुआ चीज डालें। अब पिज्जा को ओवन में 180ओउ पर 10-15 मिनट तक बेक करें, जब तक चीज अच्छे से मेल्ट ना हो जाए।

जब ये बेक हो जाए तो आखिर में इसके ऊपर चिली फ्लैक्स और ऑरैगैनो डालें। इस तिरंगा ब्रेड पिज्जा के जरिए आप गणतंत्र दिवस के मौके पर एक खास और स्वादिष्ट तरीका अपना सकते हैं देशभक्ति दिखाने का।

# 30 की उम्र के बाद शादी करने के हैं कुछ नुकसान, जानकर आप भी मचाएंगे जल्दी

आज के दौर में कपल शादी को प्राथमिकता नहीं देते हैं। युवा शादी से पहले अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं, आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। पढ़ाई और करियर में अचीवमेंट हासिल करने के लिए उन्हें वक्त चाहिए होता है। इस कारण निजी जीवन में आगे बढ़ने यानी शादी के बंधन में बंधने में उन्हें वक्त लग सकता है।

भारत जैसे देश में, जहां परिवार वाले 23-24 की आयु में अपने बेटे या बेटी की शादी कर दिया करते थे, वहीं अब 30 की आयु होने तक महिलाएं और पुरुष दोनों ही शादी के रिश्ते में नहीं आना चाहते हैं।

आधुनिक युग में महिलाएं और पुरुष दोनों ही देर से शादी करना पसंद करते हैं और 30 की आयु के बाद ही शादी करना चाहते हैं। हालांकि 30 की उम्र के बाद शादी करने के कुछ संभावित नुकसान हो सकते हैं जो व्यक्ति के जीवन, सामाजिक स्थिति और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं पर निर्भर करते हैं। आइए जानते हैं 30 की उम्र के बाद शादी करने के नुकसान क्या हो सकते हैं।



## गर्भधारण में समस्या

महिलाओं के लिए 30 के बाद प्रजनन क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। 35 के बाद गर्भधारण में कठिनाई और जटिलताओं की संभावना बढ़ सकती है। उम्र के साथ अंडाणुओं की गुणवत्ता कम होती जाती है, जिससे गर्भावस्था में दिक्कत आ सकती है। पुरुषों के लिए भी उम्र के साथ स्पर्म की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिससे गर्भधारण में देरी हो सकती है। बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ती हैं जो स्वस्थ शादीशुदा जीवन को आगे बढ़ाने में मुश्किल पैदा कर सकती हैं।

## सामाजिक दबाव और अपेक्षाएं

30 के बाद परिवार और समाज से शादी को लेकर अधिक दबाव पड़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है। कभी-कभी परिवार और रिश्तेदारों की उम्मीदों के कारण जल्दबाजी में निर्णय लेने का खतरा रहता है। शादी के बाद ही कपल पर परिवार को आगे बढ़ाने और बच्चों की उम्मीद की जाने लगती है, इसका दबाव भी वह झेलते हैं। परिवार और पार्टनर दोनों की अपेक्षाओं का बोझ भी मानसिक तौर पर दबाव डालता है।

## कम उम्र के बच्चों की परवरिश

अगर शादी के बाद बच्चे देर से होते हैं, तो बच्चों के बड़े होने तक माता-पिता की उम्र अधिक हो जाती है। इससे बच्चों की परवरिश और भविष्य की योजना में चुनौतियां आ सकती हैं। माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ी का अंतर अधिक होने से आपसी समझ और जुड़ाव में कठिनाई हो सकती है।

## आर्थिक दबाव और भविष्य की योजना

30 के बाद करियर और आर्थिक जिम्मेदारियां अधिक होती हैं, जिससे शादी के बाद नई जिम्मेदारियों को निभाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शादी के बाद जीवन में वित्तीय योजनाओं में बदलाव की आवश्यकता हो सकती है। बड़ी उम्र में शादी होने के बाद कपल के पास एक दूसरे के साथ वक्त बिताने से अधिक परिवार को संभालने की जिम्मेदारी अधिक होती है।

## संबंधों में समायोजन की कठिनाई

30 की उम्र तक व्यक्ति की सोच, आदतें और जीवनशैली काफी स्थिर हो जाती है, जिससे किसी नए व्यक्ति के साथ सामंजस्य बैठाने में कठिनाई हो सकती है। दोनों पक्षों की स्वतंत्रता की आदतों के कारण विवाह में समझौते करना मुश्किल हो सकता है। बड़ी उम्र के लोगों के लिए एक दूसरे की जीवनशैली और पसंद में ढलने और एडजस्ट करने में दिक्कत आ सकती है।

**न्यूज ब्रीफ**

## मोतीलाल ओसवाल ने धोखेबाजो से सावधान करने के लिए ये कॉन है अभियान की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोतीलाल ओसवाल समूह लंबे समय से धोखेबाजों के निशाने पर था, लेकिन इसके लगातार प्रयासों से 15 हजार से अधिक धोखाधड़ी वाली पोस्ट, वीडियो और ऐप्लिकेशनों को हटाया गया है। निवेशकों को धोखेबाजों से बचाने के लिए, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने ये कॉन है अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान धोखेबाजों के तरीकों को उजागर करता है और लोगों को उनकी पहचान करने में मदद करता है। इस अभियान के तहत तीन फिल्में बनाई गई हैं, जो वास्तविक घटनाओं पर आधारित हैं, जहां धोखेबाजों ने मोतीलाल ओसवाल के कर्मचारियों और यहां तक कि समूह के चेयरमेन रामदेव अग्रवाल का नाम लेकर धोखाधड़ी की। ये फिल्में धोखाधड़ी के आम तरीकों को सामने लाती हैं और सतर्कता के महत्व को रेखांकित करती हैं। एमओएफएसएल के समूह मुख्य मार्केटिंग अधिकारी संदीप वालुंज ने कहा, हम धोखाधड़ी वाली पोस्टों को हटाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं और इस प्रकार के अभियानों से लोगों को धोखेबाजों से बचने के लिए बेहतर तरीके से तैयार कर रहे हैं।

## स्विच मोबिलिटी ने स्विच आईईवी8 को किया लॉन्च, इलेक्ट्रिक वाहनों में नया युग

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्विच मोबिलिटी लिमिटेड, हिंदुजा समूह की एक इकाई, ने भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 में अपने नए इलेक्ट्रिक लाइट कमर्शियल व्हीकल स्विच आईईवी8 का अनावरण किया। यह 7.2 टन श्रेणी का वाहन विशेष रूप से मिड-माइल लॉजिस्टिक्स के लिए डिजाइन किया गया है और इसमें 250 किमी की रेंज देने वाली अत्याधुनिक लिथियम बैटरी लगी है। स्विच आईईवी8 का 830 क्यूबिक फीट तक कंटेनर स्पेस, 80 किमी/घंटा की टॉप स्पीड और फास्ट-चार्जिंग क्षमताएं इसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक बेहतरीन समाधान बनाती हैं। इस वाहन में इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक पावर स्टीयरिंग, ड्राइवर-केंद्रित एसी केबिन और टिल्टेबल स्टीयरिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जो ड्राइवर के आराम को प्राथमिकता देती हैं। स्विच मोबिलिटी के सीईओ महेश बाबू ने कहा कि स्विच आईईवी8 मिड-माइल लॉजिस्टिक्स में दक्षता और टिकाऊ समाधान प्रदान करेगा। इस वाहन में टेलीमैटिक्स सिस्टम और वास्तविक समय प्रदर्शन निगरानी की सुविधा भी है, जो संचालन को और भी प्रभावी बनाता है।

## बड़ाबाजार जिला कांग्रेस का जरूरतमंदों में कंबल व विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार जिला कांग्रेस द्वारा हाईकोर्ट के प्रांगण में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण के साथ-साथ 10वीं और 12वीं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप के साथ-साथ टेप दिया गया। इस मौके पर पार्षद संतोष पाठक के नेतृत्व में अमिताभ चक्रवर्ती, घनश्याम मिश्रा, कलीनाथ सिंह, शिवराज वाल्मीकि, अधिवक्ता प्रतीक तिवारी, संजय पाठक, सुनील चौबे, रोहित पाठक व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय सिंह, रोशन राय, सुरेंद्र सिंह, संजय चौरसिया, राकेश सिंह (भोला), विकास प्रताप सिंह, केदारनाथ झा, बबलू चौधरी, गोपाल सिंह, भोला दास, संतोष सिंह, पिंटू महतो, सोनू ठाकुर, राहुल मिश्रा, विनोद दूबे, बबलू मंडल, ललन यादव, कृष्णएंडू रावत, मिंटू जायास्वरा, राकेश चौधरी, अंजित सिंह, रघु ठाकुर, रामपर्वेश सिंह, संतोष शव, मुन्ना वर्मा सक्रिय रहे।

## कोलकाता पुलिस के रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने किया रक्तदाव



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस द्वारा तारातला पुलिस स्टेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ओसी सुशांत कुंडू के नेतृत्व में लगाया गया। इसके साथ ही नया जिम का भी उद्घाटन हुआ। इस शिविर में 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम 80 नं. वॉर्ड के पौरपिता अनवर खान समाज सेवी विकास जायसवाल समेत अन्य अतिथि एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



**गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए हावड़ा स्टेशन पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाई गयी तलाशी अभियान।**

## बांग्लादेशी भारतीय ससुर को पिता बताकर बन गया वोटर, फर्जी पासपोर्ट में गिरफ्तार

❑ **सात साल पहले बांग्लादेश से आया बंगाल और मुर्शिदाबाद की लड़की से शादी कर रह रहा था**



**मुर्शिदाबाद :** एक बांग्लादेशी घुसपैठिये ने फर्जी दस्तावेज बनाकर 'भारतीय' बन गया। उसने बांग्लादेश की सीमा से सटे मुर्शिदाबाद जिले में पहले घुसपैठ किया फिर रानीनगर थाना क्षेत्र की एक युवती से विवाह कर लिया और वहीं रहने लगा। मेहर शेख नामक बांग्लादेश घुसपैठिये ने अपने ससुर को अपना पिता बताते हुए मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत कराया। पुलिस की फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच में यह खुलासा हुआ है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार को गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के दौरान, फर्जी पासपोर्ट समेत फर्जी भारतीय पहचान पत्र बनाने वाले गिरोह के बारे में कई जानकारियां मिलीं। बांग्लादेशी नागरिक मेहर सात साल पहले अवैध रूप से भारत में घुसा था। फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर वह मुर्शिदाबाद के रानीनगर थाना क्षेत्र में रहने लगा। कुछ साल पहले उसने उसी इलाके की एक महिला से शादी की। इसके बाद ससुर को अपना पिता बताकर पहले मतदाता सूची में नाम शामिल कराया। गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार रात मेहर के ससुरालवालों के घर पर छापा मारा गया।

## कुल्टी के प्रतिबंधित क्षेत्र में आग्नेयास्त्रों के साथ सात गिरफ्तार

❑ **गिरफ्तार सभी आरोपित झारखंड के धनबाद और रांची के निवासी**



**आसनसोल :** कुल्टी के प्रतिबंधित क्षेत्र से 7 लोगों को आग्नेयास्त्रों के साथ गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात छापेमारी कर उन सातों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक राइफल, एक 7 एमएम पिस्तौल और 5 राउंड कारतूस जब्त किए गए। साथ ही, पुलिस ने दो महंगी कारें भी जब्त कीं। बताया गया है कि शुक्रवार की देर रात कुल्टी थाने के नियामतपुर चौकी की पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक हथियार लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र में आये हैं। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने छापेमारी शुरू कर दी। प्रतिबंधित क्षेत्र के लच्छीपुर के दिशा से सटे इलाके से उन्हें गिरफ्तार किया गया। बरामद हथियारों के अलावा दो लग्जरी कारें भी जब्त की गईं। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार सभी लोग झारखंड के धनबाद और रांची के निवासी हैं। घटना के बाद सवाल उठता है कि गिरफ्तार लोगों को हथियार कहां से मिले? इसका उद्देश्य क्या था? वे हथियार लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र में क्यों आये? पुलिस हर चीज की जांच कर रही है। इसके अलावा, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हथियार लाइसेंसी हैं या अवैध। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को आसनसोल अदालत में पेश किया गया।

## राज्यपाल ने समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई हस्तियों को किया सम्मानित

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजभवन में आयोजित विशेष समारोह में किया सम्मानित




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को राजभवन में आयोजित एक विशेष समारोह में समाज के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में प्रख्यात चिकित्सक डॉ. ज्योति जाजू भी शामिल थीं, जिन्होंने देश से तपेदिक के उन्मूलन में राष्ट्र के लिए एक महान सेवा प्रदान की। इसके अलावा, सम्मानित होने वालों में डॉ. राजश्री रे (मानसिक स्वास्थ्य), प्रख्यात फिल्म निर्माता संजीव सिवन, प्रतिष्ठित अभिनेता सिकंदर खेर, पत्रकार (राज्यसभा टीवी) कृति मिश्रा, फिल्म निर्माता व अभिनेता अंतरा श्रीवास्तव एवं प्रख्यात फिल्म निर्देशक कुशल श्रीवास्तव के अलावा बंगाल फुटबाल टीम सहित सात अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं। डॉ. जाजू को अति विशिष्ट परम सम्मान प्रदान किया गया। सिवन को भी अति विशिष्ट परम सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा, यही सम्मान भारतीय फुटबाल टीम को भी दिया गया। खेर और मिश्रा को विशिष्ट परम सम्मान प्रदान किया गया। सुश्री श्रीवास्तव और श्री श्रीवास्तव के साथ-साथ डॉ. रे को भी परम सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (ईजेडसीसी) द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति और बीएसएफ बैंड टीम द्वारा शानदार बैंड की प्रस्तुति भी दी गई।

## अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले के दौरान ग्रीन लाइन-1 पर मेट्रो की विशेष सेवाएं



**कोलकाता :** 48वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले के दौरान मेट्रो रेल ग्रीन लाइन-1 पर अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करेगी। यह मेला 28 जनवरी से 9 फरवरी 2025 तक साल्ट लेक स्थित 'बोईमेला प्रांगण' में आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान मेट्रो सेवाएं सोमवार से शनिवार तक बढ़ाई जाएंगी। साथ ही, पुस्तक मेले को देखते हुए 2 फरवरी और 9 फरवरी (दोनों रविवार) को भी ग्रीन लाइन-1 पर मेट्रो चलाई जाएगी।

**सोमवार से शनिवार तक की सेवाएं:**

❑ **कुल सेवाएं:** 122 (61 पूर्व दिशा में, 61 पश्चिम दिशा में)

❑ **समय:** सुबह 6:55 बजे से रात 9:40 बजे तक

❑ **अंतराल:** मेले के दौरान दोपहर 2:05 बजे से रात 9:15 बजे तक हर 12 मिनट पर ट्रेनें चलेंगी।

**पहली सेवा:**

❑ सुबह 6:55 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर-5

❑ सुबह 7:05 बजे साल्ट लेक सेक्टर-5 से सियालदह

**आखिरी सेवा:**

❑ रात 9:35 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर-5

❑ रात 9:40 बजे साल्ट लेक सेक्टर-5 से सियालदह

**रविवार की सेवाएं (2 और 9 फरवरी):**

❑ **कुल सेवाएं:** 74 (37 पूर्व दिशा में, 37 पश्चिम दिशा में)

❑ **समय:** दोपहर 2:15 बजे से रात 9:40 बजे तक

❑ **अंतराल:** दोपहर 2:15 बजे से रात 9:15 बजे तक हर 12 मिनट पर ट्रेनें।

**पहली सेवा:**

❑ दोपहर 2:15 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर-5

❑ दोपहर 2:25 बजे साल्ट लेक सेक्टर-5 से सियालदह

**आखिरी सेवा:**

❑ रात 9:35 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर-5

❑ रात 9:40 बजे साल्ट लेक सेक्टर-5 से सियालदह




**आरएस ज्वेलर्स के नये शोरूम के उद्घाटन समारोह में प्रदीप गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, आनंद गुप्ता, बिनोद कुमार जायसवाल, बिनीत जायसवाल व शाहिदुल्ला रहे उपस्थित**



**रिंकु व रमेश कुमार जायसवाल की पुत्री इशिका एवं सुषमा व संजय जायसवाल के पुत्र विशाल के विवाह पर परिवार के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।**

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने लिलुआ वर्कशॉप का किया निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा**




पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने शनिवार को लिलुआ वर्कशॉप का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार, मुख्य वर्कशॉप प्रबंधक यतिश कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता शैलेंद्र प्रताप सिंह और अन्य विभागाध्यक्ष एवं हावड़ा के डीआरएम भी उपस्थित रहे।

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यात्री सुरक्षा को बढ़ाना था, जिसके लिए ट्रेन कोच के रख-रखाव और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर ध्यान दिया गया। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने वर्कशॉप के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिनमें शॉप-ए, कैरिज शॉप, वेल्डिंग शॉप, कोच कंपोनेंट शॉप, सीबीसी एवं ड्राफ्ट गियर सेक्शन, टैंक सेक्शन, एमआरएल सेक्शन और आरएमपीयू (रूफ माउंटेड पैकेज यूनिट) सेक्शन शामिल हैं। उन्होंने एलएचबी कोचों के खिड़की फिटिंग और दरवाजे के क्लोजरों की कार्यक्षमता की जांच की और यात्री सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया।

महाप्रबंधक ने नॉन-एसी बैटरी बॉक्स सेक्शन की मरम्मत की समीक्षा की, ताकि कार्यकुशलता और संचालन की विश्वसनीयता में सुधार हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने स्टैटिक बोगी लोड टेस्टिंग का भी निरीक्षण किया ताकि संरचनात्मक स्थिरता और कोच के महत्वपूर्ण घटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरे में महाप्रबंधक ने कई नई पहलों का भी उद्घाटन किया। जिसमें गोलियथ क्रेन (5टी क्षमता), एफआईबीए सिस्टम, ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए आधुनिक कैंपिंग कोच की सुविधा, कंप्यूटरीकृत आरएमपीयू प्लांट शामिल है।

## गणतंत्र दिवस 2025 पर आरपीएफ और आरपीएसएफ कर्मियों को राष्ट्रपति पदक से किया सम्मानित




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के राष्ट्रपति ने गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर आरपीएफ और आरपीएसएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों को विशिष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया। इसके तहत, उत्तर मध्य रेलवे के आईजी सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिया नंदन सिन्हा को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, 15 अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान किए गए। इनमें उत्तरी रेलवे के उप महानिरीक्षक सचिन अशोक भालोडे, दक्षिण-पूर्व रेलवे के उप महानिरीक्षक पी.वी. संथाराम, दक्षिण रेलवे के उप महानिरीक्षक ए. इब्राहिम शेरिफ, 9बीएन/रेलवे सुरक्षा विशेष बल के निरीक्षक सुनील चंद, दक्षिण मध्य रेलवे के निरीक्षक श्रीनिवास राव डोंथागनी, 6बीएन/रेलवे सुरक्षा विशेष बल के निरीक्षक चंदर कांत तिवारी, ईस्ट कोस्ट रेलवे के निरीक्षक कालू सेठी, पूर्व मध्य रेलवे के उप निरीक्षक दिनेश चौधरी, 7बीएन/रेलवे सुरक्षा विशेष बल के उप निरीक्षक गुरबिंदर सिंह, 6बीएन/रेलवे सुरक्षा विशेष बल के उप निरीक्षक रोहिताश आर्य, उत्तरी रेलवे के सहायक उप निरीक्षक महमूद हसन, पूर्व रेलवे के सहायक उप निरीक्षक आलोक रंजन मित्रा, दक्षिण मध्य रेलवे के सहायक उप निरीक्षक/चालक पुट्टूर रविचंद्रन, उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे के हेड कांस्टेबल उत्तम कुमार ब्रह्मा और उत्तर-पूर्वी रेलवे के महिला हेड कांस्टेबल आशा का नाम भी शामिल है। इन सभी को उनके कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है।



**गणतंत्र दिवस से पूर्व स्कूल में सांस्कृतिक समारोह में भाग लेते बच्चे तिरंगे की वेशभूषा में सजे**

**न्यूज अपडेट**

## मालदह रेलवे स्टेशन पर निक्षय शिविर कैंप का सफल आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह रेलवे स्टेशन पर 'निक्षय शिविर कैंप' का सफल आयोजन किया गया। 23 जनवरी को आयोजित यह शिविर 100-दिन के टीबी उन्मूलन अभियान कार्यक्रम का हिस्सा था। यह पहल राज्य टीबी इकाई, मालदह और डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल/मालदह के सहयोग से आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य टीबी के मामलों की स्क्रीनिंग करना और प्रभावित व्यक्तियों की पहचान करना था। इस कैंप के दौरान लगभग 36 रेलवे कर्मचारी और यात्री मालदह टाउन स्टेशन पर जांच के लिए पहुंचे। जिनसे परीक्षण के लिए नमूने एकत्र किए गए। इस शिविर ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के प्रति जन जागरूकता फैलाने और नि:शुल्क निदान सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पहल टीबी को समाप्त करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयासों को मजबूत करती है।

## लिलुआ स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा कर रहे 712 लोगों को पकड़ा



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने शनिवार को लिलुआ स्टेशन पर एक विशेष टिकट जांच अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का नेतृत्व पूर्व रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने किया। जिसमें हावड़ा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अन्य वाणिज्यिक अधिकारी, वाणिज्य निरीक्षक, 35 टीटीई और 21 आरपीएफ के कर्मियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बिना टिकट यात्रा को रोकना, रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करना और यात्रियों में अनुशासन बढ़ाना था। इस अभियान के दौरान 712 मामलों में बिना टिकट यात्रा और अन्य अनियमितताएं पाई गईं। इन मामलों से प्राप्त जुर्माने से भारतीय रेलवे के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान हुआ। पूर्व रेलवे विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित रूप से टिकट जांच अभियान चलाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि कानूनी यात्रा सुनिश्चित की जा सके, यात्री अनुभव में सुधार हो और राजस्व बढ़े।

## पूर्व रेलवे के आरपीएफ के एएसआई राष्ट्रपति पदक से सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर, भारत के राष्ट्रपति ने भारतीय रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा विशेष बल के 16 अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों में राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं। राष्ट्रपति पदक विशेष सेवा के लिए जबकि एमएसएम समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिया जाता है। इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों में एक प्रमुख नाम है, पूर्व रेलवे आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक आलोक रंजन मित्रा, जो बारासात आरपीएफ पोस्ट/सियालदह डिवीजन में तैनात हैं। आलोक रंजन अपनी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 182 और अन्य शिकायत माध्यमों के जरिए समस्याओं का समाधान किया और कार्यों में सटीकता और पेशेवर जिम्मेदारी दिखाई। उनके योगदान को आरपीएफ में हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी कार्यशैली सच में सराहनीय है और आरपीएफ के रूप में उनके योगदान को आजीवन याद रखा जाएगा।

## सियालदह डिवीजन ऐतिहासिक पुल रिप्लेसमेंट कार्य को समय पर पूरा करने के लिए कर रहा है निरंतर प्रयास



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन सियालदह-डानकुनी सेक्शन में दमदम-डानकुनी सेक्शन में स्थित 15 सीसीआर ब्रिज की गर्डर को बदलने के लिए एक विशाल आधारभूत संरचना विकास कार्य में जुटा हुआ है। यह ऐतिहासिक पुल रिप्लेसमेंट कार्य पुराने सीसीआर ब्रिज की गर्डरों को बदलने का है, जो ट्रेन संचालन की सुरक्षा और गति में सुधार लाने के लिए अनिवार्य हो गया है। ब्रिज लगभग 95 साल पुराना है और इसकी गर्डरों का प्रतिस्थापन जंग और उम्रदराज होने के कारण जरूरी हो गया था। गर्डर हटाने के बाद रेलवे ट्रैक को तेजी से बिछाया जा रहा है। यह कार्य पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में किया जा रहा है और इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा सियालदह डीआरएम द्वारा की गई। करीब 1000 मजदूर और रेलवे अधिकारी इस परियोजना पर दिन-रात काम कर रहे हैं। इस परियोजना के पूरा होने से सुरक्षा, गति और संपूर्ण सेक्शन में रेल संचालन की क्षमता में सुधार होगा। यह कार्य 27 जनवरी की सुबह तक पूरा होने की उम्मीद है।

## सियालदह-सोनारपुर सेक्शन पर विशेष टिकट जांच अभियान, 2 लाख से अधिक का वसूला जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने एक बार फिर यात्रियों के लिए सुगम, व्यवस्थित और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 23 जनवरी को सियालदह-सोनारपुर सेक्शन पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। जिसमें प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह पवन कुमार ने नेतृत्व किया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के बीच टिकट खरीदने और रेलवे नियमों का पालन करने के महत्व को बढ़ावा देना था, साथ ही बिना टिकट यात्रा करने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना था। इस अभियान के दौरान 687 बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 1,85,950 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा, 131 बिना बुक किए सामान भी पकड़े गए, जिनसे 27,250 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुल मिलाकर 818 मामले दर्ज किए गए, और 2,13,200 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा ने कहा, टिकट खरीदना केवल नियमों का पालन करना नहीं है। यह सभी यात्रियों के लिए एक निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करता है और रेलवे प्रणाली की कुल दक्षता में योगदान करता है।

# गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




सुरेन्द्र प्रताप सिंह
महासचिव
अखिल भारतीय प्रगतिशील सुलतानपुर समाज़
कोलकाता

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



Akash Enterprise
Govt. Licensed Electrical contractor.
S. P. Singh
13,Raja Ram Mohan Roy Road,
Maiti Para, Siriti More
Kolkata -700 041,
Mob : 9831109610
9163809610

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



रमेश ठाकुर
शिक्षाव्रती एवं प्रसिद्ध समाजसेवी, हावड़ा


76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

घेवर, सूतफेनी, गाजर हलवा, माठी, पिन्नी गुलाब जामुन (गरम), ड्राईफ्रुट लड्डु, गजक, गुड़ संदेश – गुड़ रसगुल्ला, गुड़ कलाकन्द, काजू-पिस्ता रोल, काजू अंजीर बर्फी एवं मिष्ठान्न

तिवारी ब्रदर्स मिठाई शॉप

78/12,ब्लॉक-ई, न्यु अलीपुर : 8981026905/9007085111, 033-35928658
तिवारी ब्रदर्स, बड़ाबाजार : 6291225670, 8981026906 / 033-22688913
तिवारी स्वीट्स, कॉटन स्ट्रीट : 8981026911 / 6291183199
तिवारी कन्फेक्सनर्स : मिन्टो पार्क : 033-22871161/ 5613, 8276829752
काकुड़गाछी : 033-23558373 / 74, 9038488211

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



बिनोद जायसवाल
Gulabchand Lalchand & Co

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



रामनरेश जायसवाल
Dinesh Timber Company, kolkata

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



विजय जायसवाल
उद्योगपति एवं समाजसेवी
PRODUCTS OF PATANJALI
UDGEETH NIRMAN (P) LTD.
31, Khelat Babu Lane,
Kolkata-700 037
Ph: 033-26597074

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



रामचन्द्र जायसवाल
समाजसेवी, कोलकाता
Chandra & Chandra
Specialist in : CRC, BP sheet & Sheet Cutting

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



महेन्द्र जायसवाल
अध्यक्ष :
हावड़ा जायसवाल परिवार

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



राजेश जायसवाल
Adcom Display Pvt. Ltd.
Howrah

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



विकास जायसवाल
उद्योगपति एवं समाजसेवी
महासचिव : श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती समारोह समिति

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




रमेश जायसवाल
उद्योगपति एवं समाजसेवी
Sahay Steel Industries Pvt Ltd
42/1, Hamid Munshi Lane, Howrah-7111 01
Office : Ichapur Sealdanga HIT Road, Howrah-711104

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



हरीश जायसवाल श्रीरामजी जायसवाल द्विव्यांशु जायसवाल
उपाध्यक्ष : जायसवाल संरक्षक संघ
चेयरमैन : हावड़ा जायसवाल परिवार
राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष : राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ
Lakhi Iron Stores
Office : 74, panchanantala Road, Howrah- 711 101
129, Belilious Road, Loha Bazar, Shop-157, Howrah-711 101

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेश जायसवाल
जायसवाल संरक्षक संघ के संस्थापक सदस्य

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




राजेन्द्र प्रसाद साव
प्रतिष्ठित समाजसेवी
मुख्य संरक्षक जनता कल्याण संघ

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




जवाहर लाल जायसवाल
प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी
अध्यक्ष : श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती समारोह समिति

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



बिनोद टंडन
समाजसेवी

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेश शर्मा
अध्यक्ष : हरियाणा युवक संगठन, कोलकाता

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



रतन अग्रवाल
अध्यक्ष : वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति

76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



उमाशंकर जायसवाल
प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी
अध्यक्ष : जायसवाल संरक्षक संघ


वर्ष 9, पूर्णांक 4131 अंक 281, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in

## न्यूज इन ब्रीफ

### 'मन्नत' के लिए भुगतान का मामला: शाहरुख खान को सरकार से 9 करोड़ रुपये वापस मिलेंगे

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को 9 करोड़ रुपये वापस करेगी, जिसका उन्होंने समुद्र के निकट स्थित अपने बंगले 'मन्नत' के पट्टे को बदलने के लिए अतिरिक्त भुगतान किया था। उपनगरीय कलेक्टर सतीश बागल ने शनिवार को कहा कि 2019 में शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान ने बांद्रा में विरासत संपत्ति के पट्टे को 'श्रेणी 1 पूर्ण स्वामित्व' में बदल दिया और इसके लिए सरकार को अतिरिक्त भुगतान किया। उन्होंने कहा कि जमा की गई रकम का हिसाब लगाने में त्रुटि का पता चलने के बाद खान ने राजस्व प्राधिकरण के समक्ष धन वापसी के लिए आवेदन दायर किया, जिसे इस सप्ताह की शुरुआत में मंजूरी दे दी गई। अभिनेता ने अतिरिक्त राशि के रूप में कथित तौर 25 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया था, लेकिन अधिकारियों ने फिलहाल इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है।

### जबलपुर में पुलिया पर दुर्घटनाग्रस्त हुई एसयूवी, तीन लोगों की मौत

**जबलपुर :** मध्यप्रदेश के जबलपुर में शनिवार को एक एसयूवी के पुलिया पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। शहर के पुलिस अधीक्षक सुनील नेमा ने बताया कि पुणे (महाराष्ट्र) के एक परिवार को ले जा रही एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) शाम को लगभग साढ़े चार बजे बरगी पुलिस थाना क्षेत्र के कालादेही गांव के पास पुलिया की दीवार से टकरा गई।

### उज्जैन में घरेलू कलह के चलते तीन लोगों ने जहर खाया, दो की मौत, एक अस्पताल में भर्ती

**उज्जैन :** मध्य प्रदेश के उज्जैन में जहरीला पदार्थ खाने से दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य अस्पताल में भर्ती है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने बताया कि उन्हेल थाना क्षेत्र के सरवाना निवासी अरुण सूर्यवंशी, उसके रिश्तेदार बंटी और भतीजे रामप्रसाद ने शुक्रवार को चिमनगंज में एक पुल के नीचे हुई जहर खाने की इस घटना का वीडियो भी बनाया और इसे इंस्टाग्राम पर साझा कर दिया। अग्रवाल ने कहा, ''जहर खाने के बाद ये लोग घर चले गए, जहां से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सूर्यवंशी और प्रसाद की मौत हो गई। बंटी अस्पताल में भर्ती है और इलाज हो रहा है।'' उन्होंने कहा, ''वीडियो में तीनों ने दावा किया कि वे किसी प्रेम प्रसंग के कारण जहर खा रहे हैं। हमें जानकारी मिली है कि सूर्यवंशी करीब तीन महीने पहले एक लड़की के साथ कहीं चला था और उसे गिरफ्तार किया गया था। वह इस मामले में शुक्रवार को अदालत में पेश हुआ था।''

### नगालैंड में 35 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ को किया गया नष्ट

**कोहिमा :** नगालैंड के दीमापुर और मोन जिलों में पुलिस ने दो अभियानों के दौरान 35 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ को नष्ट किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन मादक पदार्थों को नष्ट किया गया उनमें ब्राउन शुगर, हेरोइन, क्रिस्टल मेथ (मेथामफेटामाइन), याबा टैबलेट कफ सिरप की बोतलें और अफीम शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि दीमापुर की जिला मादक पदार्थ निस्तारण समिति (डीडीडीसी) ने

# केजरीवाल छल और झूठ की राजनीति कर रहे हैं : शाह




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर ''छल और झूठ की राजनीति'' करने का आरोप लगाया और लोगों से शहर के विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। शाह पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शहर में भाजपा की एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'आप' के इस दावे को लेकर भी उस पर हमला किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने पर दिल्ली में सभी मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देगी। उन्होंने राजौरी गार्डन में रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी ने खुद भरोसा दिलाया है कि दिल्ली में गरीबों के लिए कोई भी मौजूदा कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी, लेकिन अरविंद केजरीवाल झूठ फैला रहे हैं... वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मैं फिर से कह रहा हूं कि भाजपा गरीबों के कल्याण के लिए बनाई गई किसी भी योजना को बंद नहीं करेगी।'' शाह ने आरोप लगाया कि 'आप' सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में दिल्ली के लोगों को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया, ''अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली का वादा किया था, लेकिन करोड़ों रुपये का आबकारी घोटाला किया।''

### 'आप' फिर सत्ता में आई तो दिल्ली में सीवेज की समस्या का समाधान करेंगे: केजरीवाल

नयी दिल्ली : आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वादा किया कि अगर उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता में आई तो वह दिल्ली में सीवर संबंधी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में शहर की अनधिकृत कॉलोनियों में 'आप' सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र किया और कहा कि इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, जब हमने दिल्ली में सरकार बनाई, तो अनधिकृत कॉलोनियों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ था।




राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय रेल को मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पुरस्कृत किया। भारतीय रेल की ओर से यह पुरस्कार रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने ग्रहण किया।

## सरकार ने सीएपीएफ के चुनिंदा वीआईपी सुरक्षाकर्मियों को विशेष भत्ता देने को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के उन वीआईपी सुरक्षा कमांडो को विशेष वेतन भत्ता देने की मंजूरी दे दी है जो जेड प्लस (एएसएल) और जेड प्लस की शीर्ष दो श्रेणियों के तहत सुरक्षा प्राप्त कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। अधिकारियों के मुताबिक केंद्र सरकार के सुरक्षा प्रोटोकॉल जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स के तहत वीआईपी सुरक्षा प्रदान करने वाले कर्मियों को भत्ता नहीं मिलेगा। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत व्यय विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि उसने ''वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी में लगे सीएपीएफ कर्मियों को मूल वेतन के 20 प्रतिशत की दर से विशेष सुरक्षा भत्ता (एसएसए) देने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव की जांच की है। 'पीटीआई-भाषा' के पास आदेश की प्रति है। इसमें कहा गया है कि एसएसए केवल उन सीएपीएफ कर्मियों को दिया जाएगा जो 'जेड प्लस' और जेड प्लस (एएसएल) श्रेणी के सुरक्षा प्राप्त लोगों के लिए वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी में लगे हैं, जिसमें एसपीजी और एनएसजी के स्थान पर सीएपीएफ की तैनाती होती है। दो केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों - केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने कुछ वर्ष पहले इन इकाइयों के कमांडो के लिए विशेष भत्ता मांगा था, जैसा कि विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) को उनके मूल वेतन का 55 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन मिलता है, तथा राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को इस उच्च कौशल वाली ड्यूटी के लिए नियमित वेतन के अतिरिक्त 40 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन मिलता है।

## राष्ट्र विरोधी गतिविधियां रोकने के लिए सीमा पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखें : बीएसएफ एडीजी

**जम्मू :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और सैनिकों को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए सीमा पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने का निर्देश दिया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (पश्चिमी कमान) सतीश एस खंडारे 23 जनवरी को तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे, जहां उन्होंने कठुआ और जम्मू जिलों के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। इस दौरान फील्ड कमांडरों ने उन्हें सीमा पर मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी।



शनिवार को बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर मुख्यालय में प्रहरी सम्मेलन को संबोधित करते हुए खंडारे ने कर्तव्यों के प्रति समर्पण के लिए सैनिकों की प्रशंसा की और उनसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए सीमा पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए कहा। बीएसएफ प्रवक्ता के मुताबिक, खंडारे ने कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया, जहां उन्हें फील्ड कमांडरों ने अभियानगत पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खंडारे ने जम्मू जिले के अखनूर सीमा क्षेत्र का भी दौरा किया, जहां सेक्टर कमांडर और बटालियन कमांडेंट ने उन्हें बीएसएफ की अभियानगत तैयारियों से अवगत कराया। प्रवक्ता के अनुसार, खंडारे ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सामान्य सुरक्षा परिदृश्य और नियंत्रण सहित सीमा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने सैनिकों से भी संवाद किया और पूरे समर्पण से अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए उनकी सराहना की।

## न्यूज अपडेट



सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने शनिवार को कोलकाता के दूरदर्शन भवन में प्रसार भारती और भारतीय सूचना सेवा के मीडिया इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की।

### पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष ने लिलुआ वर्कशॉप में कबीर पार्क का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष सीमा देस्कर ने शनिवार को लिलुआ वर्कशॉप परिसर में कबीर पार्क का उद्घाटन किया। इस आयोजन में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर शैलेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक यतिश कुमार, विभागाध्यक्षगण और ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के सदस्य उपस्थित रहे। कबीर पार्क को वर्कशॉप परिसर में सौंदर्य और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ी सोच-समझ के साथ डिजाइन किया गया है। मिलिंद देउस्कर और सीमा देउस्कर ने मिलकर वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई, जो भविष्य के लिए हरित पहल को प्रोत्साहित करने का प्रतीक था। इस नेक पहल में अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार और ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की उपाध्यक्ष के साथ विभागाध्यक्षों और ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के सदस्य भी वृक्षारोपण में शामिल हुए।





डनलप गुरुद्वारा में आयोजित अखंड पाठ की समाप्ति के बाद कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिता सरदार जोध सिंह और माता सरदारनी सतनाम कौर की याद में कीर्तन का भव्य कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर जेआईएस ग्रुप के चेयरमैन सरदार तरनजीत सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के 14 स्थानों पर पहली बार तिरंगा फहराया जाएगा

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के सुदूर 14 स्थानों पर रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता के बाद पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये स्थान क्षेत्र के बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिलों में हैं, जिसमें सात जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के नए शिविरों की स्थापना से क्षेत्रों के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि पिछले साल सितंबर से बीजापुर में कोंडापल्ली, जिदपल्ली, वटेवागु और करेंगट्टा, नारायणपुर में होरादी, गरपा कच्चापाल



और कोडलियार गांव तथा सुकमा में तुमालपड, रायगुडेम, गोलाकुंडा, गोमगुडा और मेट्टागुडा गांवों सहित 13 गांवों के पास सुरक्षाबलों के 14 नए शिविर स्थापित किए गए हैं। जिदपल्ली गांव में बड़ा भौगोलिक क्षेत्र होने के कारण पांच किलोमीटर की दूरी पर दो अलग-अलग शिविर स्थापित किए गए हैं। सुंदरराज ने बताया, रविवार को इन 14 स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा, जहां आजादी के बाद से ऐसा आयोजन पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इन 14 शिविरों में से 10 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), तीन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और एक में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) तैनात है। अधिकारी ने बताया कि इन अंदरूनी क्षेत्रों में नए शिविरों की स्थापना से नक्सलियों को पीछे हटना पड़ा है। उन्होंने बताया कि नए शिविर नियाद नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) योजना के माध्यम से लोगों, मुख्य रूप से आदिवासियों तक पहुंचने के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को सुविधाजनक बना रहे हैं, जिसका उद्देश्य विकास कार्यों को अंजाम देना और सुरक्षा शिविरों के माध्यम से आंतरिक गांवों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

## जम्मू-कश्मीर सरकार ने छात्रों को राजनीतिक रैलियों में भाग लेने के आदेश देने पर प्रतिबंध लगाया

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों या कर्मचारियों को राजनीतिक कार्यक्रमों या रैलियों में भाग लेने के लिए कोई भी निर्देश देने पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके पहले शिक्षा विभाग के एक परिपत्र जारी करके पुंछ के अधिकारियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की तिरंगा रैली में भाग लेने का निर्देश दिया था जिसके चलते सरकार को विभिन्न हलकों से आलोचना का सामना करना पड़ा। पुंछ के मुख्य शिक्षा अधिकारी ने परिपत्र जारी करके कई स्कूलों के प्रमुखों को रैली में 40-50 छात्रों और दो शिक्षकों को भेजने का निर्देश दिया था जिसकी आलोचना की गई थी। इसके बाद ही राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक नवीनतम परिपत्र के माध्यम से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। इसके पहले के परिपत्र की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि सरकार शिक्षा का 'प्रचार उपकरण' के रूप में उपयोग कर रही है। नवीनतम परिपत्र में कहा गया है, ''स्कूल शिक्षा विभाग के तहत सभी स्कूलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों, क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारियों और संस्थानों के प्रमुखों सहित सभी अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वे छात्रों या कर्मचारियों (सभी श्रेणियों के शिक्षकों सहित) को किसी भी राजनीतिक दल/संगठन द्वारा आयोजित किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम, रैली आदि में भाग लेने के लिए कोई अनुमति या निर्देश न दें।''

## जम्मू-कश्मीर में वंदे भारत ट्रेन का संचालन परीक्षण पूरा हुआ

**श्रीनगर :** वर्षों की कड़ी मेहनत व समर्पण और कुछ इंजीनियरिंग चमत्कारों के बाद आखिरकार कश्मीर की रेल संपर्कता का सपना शनिवार को उस समय सच हो गया जब विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन यहां पहुंची और संचालन परीक्षण पूरा किया। ट्रेन अपने पहले परीक्षण के तहत जम्मू के कटरा से श्रीनगर स्टेशन पर पहुंची। यह शुक्रवार को जम्मू पहुंची थी। पूर्वाह्न 11:30 बजे जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस स्टेशन पर पहुंची, इसका स्वागत नारों और भारतीय रेलवे की प्रशंसा के साथ किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या



में लोग और रेलवे अधिकारी ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, उनमें से कई लोग ट्रेन में सवार अधिकारियों का स्वागत करने के लिए मालाएं लेकर आए थे। यहां स्टेशन पर कुछ देर रुकने के बाद ट्रेन अपना परीक्षण पूरा करने के लिए बडगाम स्टेशन के लिये रवाना हो गई।

## दिल्ली के 27 साल बर्बाद, चुनाव में जनता हमें सत्ता में लाएगी: सांसद मनोज तिवारी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि दिल्ली में 27 साल तक पार्टी के सत्ता से बाहर रहने के कारण शहर को पेयजल, प्रदूषण और यमुना पुनरुद्धार जैसे मुद्दों से जूझना पड़ा। उन्होंने विश्वास जताया कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से बाहर कर उनकी पार्टी को सेवा का मौका देंगे। तिवारी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि भाजपा के पास तीन साल के भीतर यमुना को साफ करने और इसे स्नान के लायक बनाने का रोडमैप है। भाजपा 1998 से दिल्ली में सत्ता



से बाहर होने का जिक्र करते हुए तिवारी ने आरोप लगाया कि इस दरम्यान सरकार बनाने वाली पार्टियों ने लोगों की अनदेखी करते हुए केवल अपने हितों पर ध्यान केंद्रित किया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद ने कहा कि दिल्ली में भाजपा के 27 साल तक सत्ता से बाहर रहने से शहर को नुकसान हुआ, क्योंकि उसे पेयजल, प्रदूषण और अत्यधिक प्रदूषित यमुना जैसे मुद्दों से जूझना पड़ा। उन्होंने 5 फरवरी को होने वाले चुनावों में भाजपा की शानदार जीत का भरोसा जताया। भाजपा नेता ने कहा, ''सीटों की सटीक संख्या का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, लेकिन अगर दिल्ली की जनता भाजपा को 60 सीटें देती है तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।'' उन्होंने आप की राजनीति और नीतियों पर हमला करते हुए कहा कि मुफ्त की रेवड़ी का वादा करना इस बात की स्वीकारोक्ति है कि चुनाव पूर्व किए गए वादे पूरे नहीं किए गए हैं।

# गणतंत्र दिवस: सीआरपीएफ को सर्वाधिक संख्या में वीरता पदक से सम्मानित किया गया

**नयी दिल्ली :** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को सभी केंद्रीय एवं राज्य पुलिस बलों में सबसे अधिक 19 वीरता पदक से सम्मानित किया गया। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राज्य एवं केंद्रीय पुलिस बलों, अग्निशमन सेवा, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा तथा सुधारात्मक सेवाओं के कर्मियों को कुल 95 वीरता पदक प्रदान किए गए हैं। सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वीरता के लिए दिए जाने वाले 19 पदकों में से 11 जम्मू-कश्मीर में किए गए अभियानों के लिए, माओवाद विरोधी अभियानों में बहादुरी के कार्यों के लिए सात पदक और पूर्वोत्तर में अभियान के दौरान दिखाए गए साहस के लिए एक पदक



शामिल है। पदक से सम्मानित किये जाने वालों में सेकंड-इन-कमांड रैंक के अधिकारी नरेंद्र यादव, और सहायक कमांडेंट अमित कुमार और विनय कुमार शामिल हैं। दिवंगत कांस्टेबल सुनील कुमार पांडे को मरणोपरांत पदक के लिए नामित किया गया है। असम से अरुणाचल प्रदेश में तस्करी कर रहे मोटरसाइकिल सवार तस्करों को रोकते हुए 186वीं बटालियन के जवान पांडे ने सितंबर 2023 में असम में अपनी जान गंवा दी थी। हमलावरों ने उन पर चाकू से हमला किया था। देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के बाद सबसे ज्यादा पदक पाने वालों में उत्तर प्रदेश (17), जम्मू-कश्मीर (15), छत्तीसगढ़ (11) और सीमा सुरक्षा बल (5) शामिल हैं।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सीबीआई के 31 अधिकारी-कर्मचारी पुलिस पदक से सम्मानित

देश में 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के जिन 31 अधिकारियों-कर्मचारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया उनमें मणिपुर दंगों, ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटालों, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच की निगरानी करने वाले अधिकारी भी शामिल हैं। सीबीआई ने एक बयान में कहा, ''छह अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि 25 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।'' सीबीआई के संयुक्त निदेशक घनश्याम उपाध्याय को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद की हिंसा, मणिपुर के दंगों, राष्ट्रमंडल खेलों में भ्रष्टाचार, लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के खिलाफ नौकरी के बदले भूमि घोटाला, वर्ष 2024 में नीट से जुड़ी अनियमितताओं, असम पोंजी घोटाला से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों के अलावा अपराध के कई जटिल मामलों की जांच का नेतृत्व किया।

### राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों के 93 कर्मियों के लिए वीरता पुरस्कार को मंजूरी दी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दो कीर्ति चक्र और 14 शौर्य चक्र सहित सशस्त्र बलों के 93 जवानों के लिए वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी। कीर्ति चक्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है जिसे 22 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर मंजीत को और मरणोपरांत 28 राष्ट्रीय राइफल्स के नायक दिलवर खान को प्रदान किया गया है। राष्ट्रपति ने तीन मरणोपरांत सहित 14 शौर्य चक्र पुरस्कारों को मंजूरी दी। शौर्य चक्र पुरस्कार के विजेताओं में मेजर आशीष दहिया 50 आरआर, मेजर कुणाल 1 आरआर, मेजर सतेंद्र धनखड़ 4 आरआर, कैप्टन दीपक सिंह 48 आरआर (मरणोपरांत) और सहायक कमांडेंट एशेंथुंग किकोन, 4 असम राइफल्स हैं। सूबेदार विकास तोमर 1 पैरा, सूबेदार मोहन राम 20 जाट रेजिमेंट, हवलदार रोहित कुमार डोगरा (मरणोपरांत), हवलदार प्रकाश तमांग 32 आरआर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट अमन सिंह हंस, कॉर्पोरल डाभी संजय हिफाबाई एस्सा, विजयन कुट्टी जी (मरणोपरांत), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार और निरीक्षक जेफरी हिंगचुल्लो को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। इसमें कहा गया, ''इनमें एक मरणोपरांत सहित दो कीर्ति चक्र, तीन मरणोपरांत सहित 14 शौर्य चक्र, एक बार सेना पदक के लिए(वीरता), सात मरणोपरांत सहित 66 सेना पदक, दो नौसेना पदक (वीरता) और आठ वायुसेना पदक (वीरता) शामिल हैं। राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों और अन्य कर्मियों के लिए 305 रक्षा अलंकरणों को भी मंजूरी दी। इनमें 30 परम विशिष्ट सेवा पदक, पांच उत्तम युद्ध सेवा पदक, 57 अति विशिष्ट सेवा पदक, 10 युद्ध सेवा पदक, एक बार सेना पदक के लिए (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 43 सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), आठ नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 15 वायु सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), चार बार विशिष्ट सेवा पदक के लिए और 132 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं।

# पहले दिन 'दुआरे सरकार' शिविर में 5.5 लाख उपभोक्ताओं ने लिया भाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में वर्ष के पहले 'दुआरे सरकार' शिविर में भारी प्रतिक्रिया मिली है। पहले दिन शिविर में लगभग 5.5 लाख उपभोक्ताओं ने भाग लिया। बता दें कि राज्य में शुक्रवार से 37 सरकारी परियोजनाओं के साथ नौवीं 'दुआरे सरकार' शुरू हुई है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, इस दिन, राज्य भर में 13,922 शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों में 5,46,596 लाभार्थियों ने भाग लिया। हालांकि, यह ज्ञात नहीं है कि किस परियोजना के लिए कितने आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। लेकिन, लक्ष्मी भंडार, खाद्य साथी, स्वास्थ्य साथी, कन्याश्री, रूपोश्री, आधार कार्ड से संबंधित कार्य, भविष्य क्रेडिट कार्ड, बिजली बिल से संबंधित कार्य में सबसे अधिक आवेदन किए गए है। बताया जा रहा है कि नौवें चरण के लिए कुल 1 लाख 6 हजार 36 शिविर निर्धारित किए गए हैं।












# तिलक वर्मा के शानदार अर्धशतक से भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया



**चेन्नई:** तिलक वर्मा के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के सामने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए दूसरे टी20 मैच में शनिवार को दो विकेट से जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में बढत 2 . 0 की कर ली। तिलक 55 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 72 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाजों को सूझबूझ से खेला और चार गेंद बाकी रहते भारत को आठ विकेट पर 166 रन तक पहुंचाया। उन्हें दूसरे छोर से हालांकि अपेक्षित सहयोग नहीं मिला और इंग्लैंड के गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट लेते रहे। तिलक ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को चार छक्के लगाये और चौथे छक्के से अपना अर्धशतक भी पूरा किया। आर्चर ने चार ओवर में 60 रन दे डाले और एकमात्र विकेट संजू सैमसन का मिला। तिलक ने तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को भी डीप फाइन लेग में छक्का लगाया। कार्स ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा ने भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई और आर्चर के पहले ही ओवर में तीन चौके लगाये। लेकिन मार्क वुड की 148 किमी की रफ्तार वाली गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद आर्चर ने सैमसन को रवाना करके भारत को मुश्किल में डाल दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिये 39 रन जोड़कर स्कोर को 58 रन तक पहुंचाया। सूर्यकुमार को कार्स ने पवेलियन भेजा। इस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 58 रन था। ध्रुव जुरेल और हार्दिक पंड्या भी सस्ते में आउट हो गए और स्कोर पांच विकेट पर 78 रन हो गया। वॉशिंगटन सुंदर ने हालांकि दस रन के स्कोर पर वुड की गेंद पर मिडआन में आदिल रशीद से मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए उपयोगी पारी खेली। उन्होंने वुड को एक छक्का और दो चौके लगाये लेकिन कार्स की गेंद पर थर्डमैन में कैच देकर लौट गए। भारत का स्कोर छह विकेट पर 116 रन था लेकिन तिलक ने एक छोर संभाले रखा और फिनिशर साबित हुए। इससे पहले जोस बटलर ने जुझारू पारी खेली लेकिन बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके और भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को नौ विकेट पर 165 रन पर रोक दिया। बटलर ने 30 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाये। उन्होंने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के एक ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाया। अर्शदीप ने पहले ही ओवर में फिल साल्ट को आउट करके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इस वर्ष आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुने गए अर्शदीप की गेंद पर साल्ट ने वॉशिंगटन सुंदर को स्कवेयर लेग सीमारेखा पर कैच थमाया। सुंदर चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में चुने गए हैं। सुंदर को भी जल्दी ही कामयाबी मिली जब बेन डकेट ने रिवर्स स्वीप खेलने के प्रयास में ध्रुव जुरेल को कैच थमाया। जुरेल भी चोटिल रिंकू सिंह की जगह खेल रहे थे। बटलर और लियाम लिविंगस्टोन खराब पूल शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। भारतीय उपकप्तान अक्षर पटेल ने दोनों को पवेलियन भेजा। बटलर ने तिलक को कैच थमाया जबकि लिविंगस्टोन का कैच स्थानापन्न खिलाड़ी हर्षित राणा ने लपका। गुस एटकिंसन की जगह टीम में शामिल किये गए हरफनमौला ब्रायडन कार्स ने 17 गेंद में तीन छक्कों की मदद से 31 रन बनाये लेकिन जोफ्रा आर्चर के साथ रन लेने में गलतफहमी को लेकर अपना विकेट गंवा बैठे। हैरी ब्रूक ने आक्रामक शुरूआत करके स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को छक्का भी लगाया। लेकिन चक्रवर्ती की ही एक गेंद पर वह पूरी तरह से चकमा खा गए जबकि चेन्नई में तो कोहरा भी नहीं है। गेंद उनके आफ स्टम्प पर जा लगी और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड को 150 रन के पार पहुंचाया लेकिन भारतीय स्पिनरों को वे खुलकर खेल नहीं सके।

## पी आर श्रीजेश को पद्म भूषण, अश्विन, हरविंदर समेत चार को पद्मश्री



**नयी दिल्ली :** भारतीय हॉकी के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश को पद्म भूषण सम्मान के लिये चुना गया जबकि हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले स्पिनर रविचंद्रन अश्विन समेत चार खिलाड़ियों और एक पैरा कोच को पद्मश्री से नवाजा जायेगा। मेजर ध्यानचंद (1956) के बाद पद्म भूषण पाने वाले श्रीजेश दूसरे हॉकी खिलाड़ी हैं। देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री के लिये चुने गए खिलाड़ियों में भारत के महान फुटबॉलर आई एम विजयन और पैरालम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले पैरा एथलीट हरविंदर सिंह शामिल हैं। पैरा एथलेटिक्स कोच सत्यपाल सिंह को भी पद्मश्री से नवाजा जायेगा जो खेलरत्न पुरस्कार पाने वाले पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता ऊंची कूद के पैरा खिलाड़ी प्रवीण कुमार के कोच भी हैं। सत्यपाल ने कहा, 'यह सम्मान इतने सारे लोगों के मुझ पर किये गए भरोसे की वजह से मिला। मैं 2018 से प्रवीण कुमार के साथ हूं और इस पुरस्कार के लिये उसे बहुत श्रेय जाता है।' पेरिस में लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी से विदा लेने वाले श्रीजेश इस समय भारतीय जूनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच हैं। भारतीय हॉकी के महानतम गोलकीपरों में शुमार श्रीजेश तोक्यो ओलंपिक में भारत को 41 साल बाद ओलंपिक पदक दिलाने में सूत्रधार रहे थे। उन्होंने अपने 18 वर्ष के कैरियर में 336 मैच खेले और दो बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। वहीं आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने वाले अश्विन टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिये सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। उन्होंने 106 मैचों में 537 विकेट लिये। अश्विन 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उन्होंने 2011 से 2020 के बीच दशक की आईसीसी टेस्ट टीम में चुना गया। वहीं 'कैथल के एकलव्य' कहे जाने वाले 33 वर्ष के हरविंदर ने पेरिस पैरालंपिक में रिकर्व ओपन वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। बचपन में डेंगू होने पर गलत इंजेक्शन दिये जाने से उनके पैरों में विकार आ गया था। 55 वर्ष के विजयन 2000 से 2004 तक भारत के कप्तान रहे और बाईचुंग भूटिया के साथ भारतीय आक्रमण की धुरी भी रहे। पद्म भूषण भारत रत्न और पद्म विभूषण के बाद तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। इस साल सात हस्तियों को पद्म विभूषण, 19 को पद्म भूषण और 113 को विभिन्न क्षेत्रों में पद्मश्री प्रदान किये जायेंगे।

## अर्शदीप सिंह बने आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर



**दुबई :** भारत के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शनिवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने भारतीय टीम को इस प्रारूप में विश्व कप ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस पुरस्कार से छोटे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के तौर पर उनका कद मजबूत हुआ। अर्शदीप (25 साल) ने पिछले साल 18 मैच में 36 विकेट लिए थे। उन्हें रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के साथ आईसीसी की 2024 की सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी चुना गया। अमेरिका में हुए टी20 विश्व कप में अर्शदीप ने पावरप्ले और अंतिम ओवरों की गेंदबाजी अपनी महारत दिखाई। टूर्नामेंट के अंत में वह अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने आठ मैचों में 12.64 की औसत से 17 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन से भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की नाटकीय जीत दर्ज की जिसमें उन्होंने 20 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने दक्षिण अफ्रीक के कप्तान एडेन मार्क्रम को जल्दी आउट किया और फिर क्विंटन डी कॉक को आउट करके बड़ी साझेदारी बनने से रोका। अर्शदीप ने अंतिम ओवर में गेंदबाजी करते हुए सिर्फ चार रन दिए जिससे हार्दिक पंड्या के लिए काम आसान हो गया। अर्शदीप 2024 में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, उन्होंने 18 मैचों में 15.31 के औसत से 36 विकेट झटके।

## आईसीसी की पुरुष टी20 ऑल स्टार एकादश के कप्तान बने रोहित, टीम में बुमराह, पंड्या, अर्शदीप भी शामिल



**दुबई :** पिछले साल जून में भारतीय टीम को दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को 'आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम ऑफ द ईयर 2024' का कप्तान चुना गया। भारतीयों के दबदबे वाली इस 'ऑल स्टार एकादश' में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। बुमराह आईसीसी की 'टेस्ट टीम ऑफ द ईयर' में भी शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों के अलावा आईसीसी 'पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम ऑफ द ईयर' में अन्य देशों के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, इंग्लैंड के फिल सॉल्ट, पाकिस्तान के बाबर आजम, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा, अफगानिस्तान के राशिद खान और श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा शामिल हैं। टेस्ट कप्तान और टेस्ट बल्लेबाज रोहित पिछले कुछ महीनों में कई असफलताओं के कारण काफी दबाव में हैं। लेकिन 37 वर्षीय रोहित की साख छोटे प्रारूपों में मजबूत बनी हुई है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर 2024 रोहित के लिए अविस्मरणीय रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 11 मैचों में 42.00 के शानदार औसत और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने तीन अर्धशतक जड़कर भारत के टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन की शानदार पारी भी शामिल है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा, 'रोहित के कुशल नेतृत्व ने दबाव भरी स्थितियों में युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **आईसीसी की 2024 की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह (सभी भारतीय); ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया); फिल सॉल्ट (इंग्लैंड); बाबर आजम (पाकिस्तान); निकोलस पूरन (विकेटकीपर; वेस्टइंडीज); सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे); राशिद खान (अफगानिस्तान) और वानिंदु हसारंगा (श्रीलंका)।

## गिल की 102 रन की पारी के बावजूद कर्नाटक के खिलाफ पंजाब को मिली पारी से हार




**बेंगलुरु :** पंजाब के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (102) शानदार शतक के बावजूद शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन अपनी टीम को कर्नाटक के खिलाफ पारी की हार से बचाने में नाकाम रहे। गिल ने अपने दूसरे दिन के सात रन के स्कोर में 95 रन जोड़कर 171 गेंदों में 102 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने अपना पहला अर्धशतक 119 गेंदों पर बनाया और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों में बनाए। पहली पारी में 420 रन से पिछड़ने वाली पंजाब की टीम के लिए वह आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे। पहली पारी में पंजाब के 55 रन के जवाब में कर्नाटक ने आर. स्मरण (203) के दोहरे शतक की मदद से 475 रन बनाये थे। दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 24 रन करने वाले पंजाब की दूसरी पारी 63.4 आवर में 213 रन पर सिमट गयी। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज यशोवर्धन परंतप और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम के लिए बोनस सहित सात अंक सुनिश्चित किये। गिल हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इस 25 वर्षीय दाएं हाथ का खिलाड़ी ने तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में 18.60 की औसत से 31 के उच्चतम स्कोर के साथ सिर्फ 93 रन बनाए थे। हरियाणा के खिलाफ कल्याणी में खेले गए मैच में जीत के लिए 369 रन का पीछा करते हुए बंगाल की दूसरी पारी महज 85 रन पर सिमट गयी।

## चैंपियंस ट्रॉफी के स्थलों के परीक्षण के लिए आठ फरवरी से त्रिकोणीय श्रृंखला करायेगा पीसीबी

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची और लाहौर में अपने नवनिर्मित स्टेडियमों का परीक्षण करने के लिए आठ फरवरी से दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला आयोजित करेगा। पीसीबी ने शनिवार को त्रिकोणीय श्रृंखला का आधिकारिक कार्यक्रम जारी किया, जिसका फाइनल 14 फरवरी को कराची के नेशनल स्टेडियम में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से नौ मार्च तक आयोजित की जाएगी। पाकिस्तान का सामना चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में न्यूजीलैंड से होगा। पीसीबी ने कहा कि त्रिकोणीय श्रृंखला आठ से 14 फरवरी तक खेली जाएगी, जिसके पहले दो मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होंगे। अंतिम लीग मैच और टूर्नामेंट का फाइनल कराची में होगा। त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला का कार्यक्रम: आठ फरवरी: पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड (दिन/रात) 10 फरवरी: न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका (दिन) 12 फरवरी: पाकिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका (दिन/रात) 14 फरवरी: फाइनल (दिन/रात)।

## भारत का बढता आत्मविश्वास खेलों में प्रदर्शन में भी दिख रहा है : राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि भारत का बढ़ता आत्मविश्वास खेल के क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है जिसमें देश के एथलीटों ने कामयाबी की रोमांचक कहानियां लिखी हैं। 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी जीत की ललक से देश को गौरवान्वित किया है और अगली पीढ़ी को ऊंचे लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, 'एक राष्ट्र के रूप में हमारा बढ़ता आत्मविश्वास खेलों के क्षेत्र में भी दिखाई देता है जिसमें हमारे खिलाड़ियों ने कामयाबी की रोचक कहानियां लिखी है। पिछले साल हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेलों में अपनी छाप छोड़ी। पैरालंपिक खेलों में हमने अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके लौटा।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे शतरंज चैंपियन ने दुनिया को प्रभावित किया और हमारे पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने फिडे शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2024 के दौरान खेलों में उपलब्धियों की अगुवाई डी गुकेश ने की जो सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने।' राष्ट्रपति ने कहा कि खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से सहायता दी जा रही है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह पदक जीते और उसके बाद पैरालंपिक में सात स्वर्ण और नौ रजत सहित 29 पदक जीतकर इतिहास रचा। दूसरी ओर शतरंज खिलाड़ी भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और पहली बार भारत ने शतरंज ओलंपियाड की पुरुष और महिला दोनों टीमों की स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता।

## जम्मू कश्मीर ने सितारों से सजी मुंबई को पांच विकेट से हराया



**मुंबई :** जम्मू-कश्मीर ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप ए लीग मैच में सितारों से सजी गत चैंपियन मुंबई को पांच विकेट से हराकर नॉक-आउट में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। जम्मू कश्मीर ने42 बार के रणजी चैंपियन के खिलाफ लगभग एक दशक के बाद जीत दर्ज की है। टीम ने मुंबई को इससे पहले 2014 में वानखेड़े स्टेडियम में हराया था। जम्मू कश्मीर के लिए रणजी में यह सबसे बड़ी जीत में से एक है क्योंकि मुंबई की टीम में भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा के अलावा, पूर्व कप्तान और 80 से ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले अनुभवी अजिंक्य रहाणे, एकदिवसीय टीम के नियमित सदस्य और आईपीएल विजेता कप्तान श्रेयस अय्यर, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और अनुभवी हरफनमौला शार्दुल ठाकुर के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के सदस्य रहे ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान शामिल थे। रोहित ने एक दशक के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करते हुए दो पारियों में केवल 31 रन बनाए। वह खराब फॉर्म में दिखे और क्रीज पर लंबे समय तक संघर्ष करने के लिए तैयार नहीं दिख रहे थे। इस जीत के बाद जम्मू कश्मीर के छह मैचों में 29 अंक हैं और वह ग्रुप ए में शीर्ष पर है। उसका अगला मैच बड़ौदा के खिलाफ है। बड़ौदा (पांच मैचों में 27 अंक) वर्तमान में महाराष्ट्र से खेल रहा है। अगर बड़ौदा को अपने आखिरी मैच में जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त मिल जाती है तो मुंबई (6 मैचों में 22) के लिए चीजें मुश्किल हो जायेंगी। मुंबई का अगला मैच मेघालय के खिलाफ है। जम्मू कश्मीर को जीत के लिए 205 रन की जरूरत थी।

सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया (45) ने पहले विकेट के लिए यावर हसन (24) के साथ 37 और दूसरे विकेट के लिए विवरांत शर्मा (38) के साथ 75 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलायी। आईपीएल स्टार अब्दुल समद (20 गेंद में 24) ने अपनी संक्षिप्त पारी में पांच चौके जड़े जबकि बायें हाथ के बल्लेबाज आबिद मुश्ताक (नाबाद 32) ने कोटियान के खिलाफ दो छक्के लगाकर

# समाज्ञा व्यापार

## जियोभारत फोन पर मुफ्त में मिलेगी यूपीआई भुगतान की सूचना




**नयी दिल्ली :** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर जियोसाउंडपे सेवा शुरू करेगी। यह सुविधा जियोभारत फोन पर मुफ्त उपलब्ध होगी। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जियोसाउंडपे से बिना किसी 'साउंड बॉक्स' के यूपीआई भुगतान की सूचना मिल सकेगी। कंपनी का दावा है कि देश में यह किसी भी मोबाइल फोन पर उपलब्ध अपने तरह की पहली सुविधा है। देश के पांच करोड़ से अधिक छोटे उद्यमियों व छोटे कारोबारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कंपनी के मुताबिक, जियोसाउंडपे हर यूपीआई भुगतान का तत्काल, बहुभाषी संदेश देगा। इससे छोटे से छोटे किराना स्टोर, सब्जी विक्रेता और सड़क किनारे खाने-पीने की दुकानदारों के लिए व्यवसाय करना और आसान हो जाएगा। बयान के अनुसार फिलहाल, छोटे व्यापारी यूप-ीआई भुगतान की जानकारी सुनने के उपकरण के लिए हर महीने करीब 125 रुपये का भुगतान करते हैं। अब यह सेवा जियोसाउंडपे पर मुफ्त उपलब्ध होने के कारण जियोभारत फोन इस्तेमाल करने वाले उपयोगकर्ता सालाना 1,500 रुपये तक बचा पाएंगे। जियो के अध्यक्ष सुनील दत्त ने कहा, जियो हर भारतीय को सशक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में विश्वास करती है। जियोभारत पर मुफ्त जियोसाउंडपे सुविधा के साथ हम भारत की भावना का जश्न मना रहे हैं और एक सच्चे डिजिटल भारत के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि कर रहे हैं।

## तेल, गैस की कीमतें फिलहाल ऊंची बनी रहेंगी: गेल चेयरमैन



**दावोस :** सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गेल इंडिया के चेयरमैन संदीप कुमार गुप्ता ने कहा है कि तेल और गैस की कीमतों में नरमी आने में अभी कुछ समय लग सकता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को ऊर्जा क्षेत्र के लिए कुल मिलाकर अच्छा रहने की उम्मीद जताई। गुप्ता ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान यहां पीटीआई-भाषा से कहा कि गेल अगले 3-5 वर्षों में अपने पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 10,000-12,000 करोड़ रुपये करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि कई गैस पाइपलाइनों और अन्य परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि आम बजट में सीएनजी पर संपीड़न शुल्क में राहत दी जाएगी और प्राकृतिक गैस को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए कुछ कदम उठाए जाएंगे। ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के प्रभाव के बारे में पूछने पर गुप्ता ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के लिए अधिक ऊर्जा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पहले ही ऊर्जा आपातकाल घोषित कर दिया है, जिसके तहत वह चाहते हैं कि अधिक तेल और गैस की खोज की जाए, ताकि अमेरिका में ऊर्जा दक्षता हो।' उन्होंने कहा कि यह तेल और गैस क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि तेल और गैस की उपलब्धता बढ़ गई है, जिससे कीमतों पर दबाव कम होगा। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि कीमतों में नरमी आने में कुछ समय लगेगा और फिलहाल ऊंची कीमतें बनी रहेंगी। अपनी कंपनी के बारे में गुप्ता ने कहा, 'हम देश की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन हैं और हमने देश की मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का बड़ा हिस्सा पहले ही बिछा दिया है। चालू वर्ष में भी हम कई पाइपलाइनें पूरी कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'वर्तमान पूंजीगत व्यय जो लगभग 8,000-10,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है, हम इसे अगले 3-5 वर्षों में लगभग 10,000-12,000 करोड़ रुपये तक बढ़ा देंगे।'

## बजट 2025-26: कठिन वक्त से गुजर रहे कोटा को आईटी, पर्यटन क्षेत्र में प्रोत्साहन की उम्मीद

**कोटा (राजस्थान) :** राजस्थान के कोटा शहर के व्यवसायी और उद्य-ोगपति अपनी किस्मत बदलने के लिए आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर उम्मीदें टिकाए हुए हैं, और आगामी आम बजट में इन क्षेत्रों के लिए अनुकूल घोषणाओं की उम्मीद कर रहे हैं। गौरतलब है कि छात्रों के आत्महत्या करने की घटनाओं ने शहर में कोचिंग सेंटरों को प्रभावित किया है और इस वजह से कोटा कठिन वक्त से गुजर रहा है। पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान 1,400 करोड़ रुपये की लागत से बने चंबल रिवरफ्रंट के साथ, इस क्षेत्र में अब कोटा और बूंदी में दो बाघ अभयारण्य हैं। इसके अलावा यहां ऐतिहासिक स्थानों, विरासत स्थलों, प्राचीन मंदिरों और दीवार चित्रों के कारण पर्यटन के विकास की बड़ी संभावनाएं हैं। कोटा-बूंदी से गुजरने वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और प्रस्तावित अत्याधुनिक हवाई अड्डे के साथ इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने की भी क्षमता है। कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव और राजस्थान छात्रावास महासंघ के कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने केंद्र से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों की घोषणा करने का आग्रह किया। उन्होंने कोटा में एक औद्योगिक गलियारा स्थापित करने और कोटा पत्थर बजार की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की भी वकालत की। कोटा में रियल एस्टेट से जुड़े वरिष्ठ इंजीनियर डी एन नैनई ने कोटा-बूंदी से सांसद और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित स्थानीय नेताओं से आम बजट में इस क्षेत्र के लिए आईटी केंद्र बनाने को दबाव बनाने की अपील की।

## केंद्र करे अध्ययन, राज्यों ने कितने प्रभावी ढंग से सुधारों का उपयोग किया: चंद्रबाबू नायडू



**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि वह भारत सरकार से इस बारे में अध्ययन करने का अनुरोध करेंगे कि भारतीय राज्यों ने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी) के सुधारों का कितना प्रभावी ढंग से लाभ उठाया। भारत सरकार ने 1990 के दशक की शुरुआत में भुगतान संतुलन संकट और अन्य आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए कई सुधार किए। इसके चलते देश एक मजबूत उभरती अर्थव्यवस्था बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ राज्य देश को नीचे ला रहे हैं, जबकि कुछ आर्थिक लिहाज से इसे आगे बढ़ा रहे हैं। नायडू ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि इसकी तुलना की जानी चाहिए। सुधारों को शुरू हुए 30 साल हो चुके हैं। सुधारों के इन 30 सालों में कुछ राज्य सकारात्मक रूप से आगे बढ़े जबकि कुछ राज्य विपरीत दिशा में चले गए।' उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के पास संसाधन, एक जैसा माहौल और भारत सरकार की एक जैसी नीतियां हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वे उन्हें कैसे लागू कर रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

# ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड
## (भारत सरकार का उपक्रम)
## रेल मंत्रालय

### ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड की मुख्य व्यवसायिक गतिविधियाँ



वैगन निर्माण



कंटेनर निर्माण



रेलवे कार्यशाला का संचालन और रख-रखाव



कास्ट स्टील फाउंड्री



सिविल और इंफ्रास्ट्रक्चर



ब्रिज निर्माण और फैब्रिकेशन



क्रेन निर्माण



सौर ऊर्जा परियोजनाएँ

**शुभकामना संदेश**

प्रिय साथियों,

**गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ!**

यह दिन हमें हमारे संविधान, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के मूलभूत मूल्यों की याद दिलाता है। साथ ही, यह हमारे कर्तव्यों का बोध कराते हुए उन्हें निभाने की प्रेरणा देता है। **ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड** की गौरवशाली यात्रा भी इसी राष्ट्रीय गर्व का हिस्सा है। स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद, इस कंपनी ने राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया है। हमने देश के महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण, रेलवे के लिए वैगन और क्रेन तैयार करने जैसे अनेक अहम प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

हमारी सफलता का आधार हमारी टीम है, जिसकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने कंपनी को इस मुकाम तक पहुँचाया है। ब्रेथवेट अब केवल वैगन निर्माण तक सीमित नहीं है। हम सोलर प्रोजेक्ट्स, कंटेनर निर्माण, रेलवे ब्रिज कंस्ट्रक्शन और फैब्रिकेशन, क्रेन, सिविल प्रोजेक्ट्स, डिजास्टर मैनेजमेंट, और बायोडायवर्सिटी पार्क जैसे पर्यावरण-अनुकूल कार्यों में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। ये प्रोजेक्ट न केवल हमारे व्यवसाय को विविधता प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करते हैं।

आइए, इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम यह संकल्प लें कि अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाएँगे और ब्रेथवेट को निरंतर विकास की ओर अग्रसर करेंगे।

**आप सभी को गणतंत्र दिवस की पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ।**

**जय हिंद, जय भारत!**



**मो. असद आलम,** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**मुख्य कार्यालय: 5, हाइड रोड, कोलकाता-700043**

www.braithwaiteindia.com | braithwaiteltd | BraithwaiteKol | braithwaite_360